डीआर भोपाल

MAIN SAHI HAI

भोपाल, बैरागढ़, बीएचएल, गोविंदपुरा, बुदनी, कोलार, बैरसिया | माघ कृष्ण पक्ष 11 ,2082 | भोपाल,दिन बुधवार, दिनांक 14 जनवरी ,2025

न्यूज गैलरी

31 जनवरी तक 28 खेल, डेढ़ लाख खिलाड़ी उतरेंगे

भोपाल। मप्र ने खेलों के बड़े मंच पर दमदार दावा की है। खेलो एमपी पूल गेम्स की मंगलवार को भोपाल में भव्य शुरुआत हुई। भोपाल के बोट क्लब पर हुए उद्घाटन समारोह में टोटल प्रोजेक्शन, लेजर शो और भव्य आतिशबाजी ने खेल महाकुंभ की शुरुआत को यादगार बना दिया। गायिका शेफाली अल्वारेस व दिव्य कुमार की प्रस्तुतियों ने माहौल में जोश भर दिया।

आयोजन में 28 खेल होंगे, जो 31 जनवरी तक चलेंगे। प्रदेशभर से डेढ़ लाख खिलाड़ी आएंगे। यह राज्य का सबसे बड़ा खेल आयोजन है। आयोजन का उद्घाटन करते सीएम डॉ. मोहन यादव और खेल मंत्री विश्वास सारंग। इस दौरान सीएम ने इसे अंतर्राष्ट्रीय स्तर का आयोजन बताया।

बजट सत्र 16 फरवरी से 9 मार्च तक हो सकता है

भोपाल। मध्यप्रदेश विधानसभा का बजट सत्र 16 फरवरी से शुरू होकर 9 मार्च तक चल सकता है। इसे लेकर मंगलवार को विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और मंत्रियों के साथ विधानसभा परिसर में बैठक की। बैठक में विधायकों के वेतन और भत्तों में बढ़ोत्तरी के प्रस्ताव पर भी चर्चा हुई। सूत्रों के मुताबिक सरकार इस प्रस्ताव को जल्द कैबिनेट में लाकर मंजूरी देगी, जिसके बाद इसे बजट सत्र में विधानसभा में पेश किया जाएगा। इस मुद्दे पर विपक्षी चार शैडोकाबीनेट सत्र में भी तैयारी की गई थी, लेकिन तय पैमाना नहीं हो सका था। अध्यक्ष के कक्ष में हुई बैठक में मुख्यमंत्री के अलावा संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, वित्त मंत्री जिन्दी सीएम जगदीश देवड़ा और डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल मौजूद रहे।

विधवा को ससुर की संपत्ति से भरण-पोषण का हक न कोर्ट

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने गंगलवार को एक अहम फैसले में कहा कि हिंदू विधवा को अपने ससुर की संपत्ति से भरण-पोषण पाने का अधिकार है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि पति की मृत्यु ससुर की मृत्यु से पहले हुई हो या बाद में, इससे विधवा के निर्भर होने की स्थिति पर कोई असर नहीं पड़ता। कोर्ट ने कहा कि मृतक के सभी उत्तराधिकारी मृतक के आश्रितों का भरण-पोषण के लिए बाध्य हैं।

कांग्रेस की सत्ता बदलो मिशन पर जुटेंगे पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह ने दावा किया कि वह अपनी राजधानी की सीट खाली कर रहे हैं। वे तीसरी बार राजगढ़ से नहीं जाएंगे। दिग्विजय सिंह का कार्यकाल 9 अप्रैल 2026 को पूरा हो रहा है। दिग्विजय की घोषणा के बाद गया जा रहा है कि कांग्रेस किसी बड़े चेहरे को राजगढ़ भेज सकती है। दिग्विजय ने कहा कि कई फैसले व्यक्तिगत नियंत्रण में नहीं होते, लेकिन अपनी भूमिका को लेकर वह इतना जरूर कह सकते हैं कि वह राजगढ़ की सीट छोड़ रहे हैं।

चाइनीज मांझा बाइक चालक के गले में फंसा,

छिंदवाड़ा। दुर्गेश मार्ग पर सोमवार रात चाइनीज मांझे से बाइक सवार युवक का गला कट गया। युवक के गले में 14 टांके आए हैं। अभियंता होकर गिरने से उसके सिर, कंधे और पसलियों में भी गंभीर चोट आई है। भायल का इलाज निजी अस्पताल में जारी है। प्रतिबंध के बावजूद लोग जानलेवा चाइनीज मांझे का उपयोग कर रहे हैं, जिससे यह इस सीजन का तीसरा बड़ा हादसा है। घायल राहुल पिता रामदयाल बेटी (24) गुरैया का निवासी है। वह सोमवार रात बाइक से पिता को लेने शहर आ रहा था, तभी मांझे की फांस में आ गया।

एक लाख 10 हजार से अधिक शिक्षकों को मोहन सरकार की सौगात

प्राइमरी और मिडिल के वेतन में होगा 7 हजार स्कूल के शिक्षकों तक का इजाफा

जिनको यह लाभ मिलेगा उनमें प्राथमिक शिक्षकों की संख्या 80,416 तथा माध्यमिक शिक्षकों की संख्या 29,960

छ मप्र में अब तक के इतिहास में मुख्यमंत्री सहित कैबिनेट के सभी सदस्य बैठक में टैबलेट के साथ शामिल हुए

डीआर संवाददाता॥भोपाल

राज्य सरकार प्रदेश के एक लाख 10 हजार से अधिक प्राइमरी व मिडिल स्कूलों में पढ़ाने वाले शिक्षकों को एक बड़ी सौगात देने जा रही है। इसके तहत सहायक शिक्षक, उच्च श्रेणी शिक्षक तथा नवीन शैक्षणिक संवर्ग के शिक्षकों को एक जुलाई 2023 अथवा उसके बाद की तिथि से 35 वर्ष की सेवा पूरी करने पर अनुग्रह अनोन्नत वेतनमान दिया जाएगा। इस वेतनमान से बाद शिक्षकों के वेतन में 4 से सवा 7 हजार रुपए तक का इजाफा हो जाएगा। कैबिनेट की मंगलवार को हुई बैठक में शिक्षकों के अनुग्रह वेतनमान देने के मसौदे को मंजूरी दे दी गई। इससे सरकार पर करीब 3223.4 करोड़ रुपए का वित्तीय भार आएगा। इसमें 111 करोड़ एकमुश्त तथा 210 करोड़ रुपए वेतन पर वित्तीय भार आएगा। अभी तक इन शिक्षकों को 12 वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर प्रथम, 24 वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर द्वितीय तथा 30 वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर तृतीय भार अनुग्रह वेतनमान दिया जाएगा। इससे प्राथमिक शिक्षकों की कुल संख्या 80,416 तथा माध्यमिक शिक्षकों की संख्या 29,960 को मिलाकर कुल 1,10,321 शिक्षकों को लाभान्वित करेगा। स्कूल शिक्षा विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षकों को अनुग्रह अनोन्नत वेतनमान 35 वर्ष की सेवा के बाद वर्ष 2033 एवं 2040 में वर्षों में देय होगा। जिसे वर्ष 2025-26 से 2032-33 तक में कोई वित्तीय भार नहीं आएगा।

सरकार पर करीब 3223.4 करोड़ रुपए का वित्तीय भार आएगा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कैबिनेट के साथ कैबिनेट बैठक में

ग्वालियर व्यापार एवं उज्जैन विक्रमोत्सव व्यापार मेला-2026 में ऑटोमोबाइल विक्रय पर मोटरयान कर में 50: 50: छूट दिए जाने की स्वीकृति

मध्यप्रदेश स्पेस टेक नीति 2026 लागू किए जाने की स्वीकृति

नए स्पेसटेक नीति-2026 में होगा हजार करोड़ का निवेश

कैबिनेट ने प्रदेश में एमआर 222 कॉलोनियों कर्ज, हाईस्पीडिया नेटवर्किंग सेक्टर और 30 कॉमर्शियल की डिजाइन अथॉरिटी, अनुग्रह सैनिक सहायता आदि योजनाओं को अनुमोदन प्रदान किया। कैबिनेट ने 2 डिप्लोमा कोर्सेज को मंजूरी दे दी गई। इससे सरकार पर करीब 3223.4 करोड़ रुपए का वित्तीय भार आएगा।

मुख्यमंत्री शहरी अपोसंरचना में 3 वर्षों के लिए 5 हजार करोड़ स्वीकृत

प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में अधोसंरचना विकास के लिए मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना विकास योजना नाम से 3 वर्षों (वित्तीय वर्ष 2023-27 से 2025-26) के लिए 5 हजार करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। योजना के तहत सरकार पहले की तरह जिले की प्रमुख एवं अन्य रोड तथा शहर की प्रमुख सड़कों का निर्माण तथा अनुरक्षण, अधोसंरचना सुधार एवं शहरी यातायात सुधार, जल-मलिनता नियंत्रण प्रणाली, नीलांचल, अन्य परियोजनाओं में नैच कनेक्शन के संबंधित कार्य, इंटरचेंज एवं अंडरपास ब्रिज तथा एसीसी निर्माण संबंधी कार्य एवं जल्द शहरों की आवश्यकता के अनुसार किए जा सकेंगे। योजना का क्रियान्वयन नगरीय निकायों के ओर से किया जाएगा।

कार्यकर्ताओं ने की नारेबाजी, सीएम हाउस तक निकाल रहे पैदल मार्च

डीआर संवाददाता॥भोपाल

भोपाल में पुलिस मुख्यालय के सामने गत्ते से भरे ट्रक के पकड़े जाने के मामले को लेकर शिवसेना और सामाजिक इस्तमाल रोज हो गई है। जय मां भवानी संगठन ने इस पूरे घटनाक्रम को गंभीर बताते हुए सरकार से कड़ी कार्रवाई की मांग की है। इस मामले में महाराष्ट्र मालती राय की कार्यकारणी को लेकर भी लोग नाराज हैं और उनके खिलाफ नारेबाजी कर रहे हैं।

संगठन के ऐलान के मुताबिक भोपाल में प्रदर्शन किया जा रहा है। जिसमें सैकड़ों लोग शामिल हो रहे हैं। जय मां भवानी संगठन होटल पलाश से मुख्यमंत्री निवास तक पैदल मार्च निकालने की तैयारी में है। भोपाल के आसपास के जिलों से भी लोग प्रदर्शन में शामिल होने आए हैं। वे नारेबाजी कर विरोध दर्ज करा रहे हैं। जय मां भवानी संगठन के कार्यकर्ता होटल पलाश को पाक प्रदर्शन करते हुए। जय मां भवानी संगठन के कार्यकर्ता होटल पलाश के पास प्रदर्शन करते हुए लेकर, मुख्यमंत्री निवास तक रैली लेकर जाने की चेतावनी को देखते हुए पुलिस सतर्क हो गई है। पलाश होटल के आसपास के हिस्से में पुलिस बल तैनात किया गया है। जय मां भवानी संगठन से भानु हिंदू ने बताया कि अलग-अलग जिलों से लोग यहां पहुंचे हैं। मामले में कड़ी कार्रवाई नहीं होने के चलते हम अब सीएम हाउस की तरफ कूच कर रहे हैं।भानु हिंदू ने बताया कि पुलिस की कार्रवाई से बिल्कुल भी खुश नहीं है। पुलिस ने इस मामले में छेड़छाड़ की है। हम प्रशासन और सरकार को अगले 15 दिन का समय दे रहे हैं। आगे एक बड़ा आंदोलन करेंगे, एसपी अलावा यहां मौजूद लोग जलसंग चमड़ा पर एनएसए लगाने व बुलडोजर से घर गिराने की मांग भी कर रहे हैं।

लोग बोले-बिजली नहीं होने से बच्चे पढ़ाई नहीं कर पा रहे कई दिन बत्ती गुल

डीआर संवाददाता॥भोपाल

भोपाल के गुलाना स्थित बिजली ऑफिस का मंगलवार को कई गांव के लोगों ने घेराव कर दिया। वे गुलाना समेत करीब 25 गांवों में बिजली कनेक्शन काटे जाने से नाराज थे। उनका कहना था कि बिजली नहीं होने से बच्चे पढ़ाई नहीं कर पा रहे हैं, साथ ही बोर्ड परीक्षाएं सिर पर हैं। कांग्रेस नेताओं ने अफसरों को जमीन पर बैठाकर जमकर खरी-खोटी भी सुनाई।लोक कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष के नेतृत्व में ग्रामीणों ने यह प्रदर्शन किया। दोपहर 2 बजे उन्होंने गुलाना से रैली निकाली और फिर बिजली कंपनी के ऑफिस पहुंचे। दफ्तर का घेराव करते हुए लोगों ने जमकर नारेबाजी भी की।

झोपड़ियों के बिजली बिल 20 से 30 हजार रुपए

बैनरधारी ग्रामीणों ने यह प्रदर्शन किया। दोपहर 2 बजे उन्होंने गुलाना से रैली निकाली और फिर बिजली कंपनी के ऑफिस पहुंचे। दफ्तर का घेराव करते हुए लोगों ने जमकर नारेबाजी भी की।

गत्र कांग्रेस संवाददाता के अध्यक्ष अजनीश भार्गव ने बताया कि गुलाना से जुड़े करीब 25 गांवों को बिजली कंपनी ने बिजली काट दी। इसकी वजह राशि बकाया होना बताया गया, लेकिन इस बारे में ग्रामीणों को कोई जानकारी नहीं दी गई। कई लगाए ट्रांसफार्मर भी जले हुए हैं। गुलाना क्षेत्र की करीब ढेढ़ लाख आबादी बिना बिजली के रह रही है। झोपड़ियों के बीच 20 से 30 हजार रुपए तक के बिल दिए गए हैं। इस कारण यह प्रदर्शन किया गया।

भारी-भरकम बिल बने परेशानी

कांग्रेस रोजगार अध्यक्ष भार्गव, जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष अनोखी लाल सिंह पटेल समेत कई लोगों ने भारी भरकम बिलों को लेकर भी नाराजगी जाहिर की।

मकर संक्रांति पर साफ मौसम, कोहरे का असर कम

डीआर संवाददाता॥भोपाल

मकर संक्रांति शुक्रवार को है। इस दिन प्रदेश के ज्यादातर हिस्से में मौसम साफ रहेगा। भोपाल, इंदौर-उज्जैन समेत ज्यादातर शहरों में धूप खिलेगी। हालांकि, सुबह कुछ देर तक धुंध रहेगी। ग्वालियर-चंबल के साथ सागर और रीवा संभाग में तेज ठंड का असर बना रहेगा।

मौसम विभाग के अनुसार, शुक्रवार सुबह ग्वालियर, भिंड, मुरैना, श्योपुर, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना और सतना में सामान्य कोहरा रहा।

भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, सीहोर, जबलपुर, रेवाड़ समेत 15 जिलों में दृश्यता 2 से 4 किलोमीटर तक रही।

इस सिलसिले में स्थानीय मौसम पर मौसमजानी के मौसीन लोगों के लिए मौसम बेहतर रहेगा। सैनिक मौसम वैज्ञानिक डॉ. विनय डे. मुरेकर ने बताया, शुक्रवार को मौसम कुछ खुला रहेगा। अगले 4 दिन ऐसा ही मौसम रहने का अनुमान है।

कोल्ड वेव का कोल्ड डे का अलर्ट नहीं

मौसम विभाग के अनुसार, शुक्रवार को प्रदेश में सर्दी की कोल्ड वेव नहीं, सीवलहर का अलर्ट नहीं है। न ही कोई कोल्ड डे रहेगा। ऐसे में लोग मकर संक्रांति का पर्व अच्छे मौसम से मना सकेंगे। इंदौर, उज्जैन संभाग बानी, मालवा-निमाड़ क्षेत्र में मकर संक्रांति पर पतंगबाजी होती है। मौसम साफ होने से पतंगबाजी में किसी प्रकार की दिक्कतें नहीं आएंगी।

घर में रेत की बोरियों के बीच छिपाकर रखी शराब

डीआर संवाददाता॥भोपाल

भोपाल के रातजहांनाबाद थाना पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए शातिर तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के घर से करीब 85 लीटर अवैध देशी शराब बरामद की है, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 47 हजार रुपए बताई जा रही है। भोपाल पुलिस कमिश्नरेट द्वारा शहर को नशामुक्त बनाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई।

पुलिस ने शराब के साथ आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। रेत की बोरियों के बीच छिपाकर रखे गये 472 क्वार्टर देशी शराब

थाना क्षेत्र की ईदगाह हिल्स चौकी पुलिस को 12 जनवरी को मुखबिर से सूचना मिली थी कि मजदूर नगर क्षेत्र में एक व्यक्ति अपने घर में अवैध शराब छिपाकर रखे हुए है। सूचना की तस्दीक के बाद टीम गठित कर मौके पर दबिश दी गई। तलाशी के दौरान आरोपी के घर से रेत की बोरियों के बीच प्लास्टिक की बोरियों में छिपाकर रखी गई देशी मदिरा बरामद हुई। पुलिस ने कुल 472 क्वार्टर देशी शराब जब्त की, जिसमें 301 और 171 क्वार्टर शामिल हैं। कुल मात्रा लगभग 84.96 लीटर आंकी गई है। मौके से आरोपी लेनी मकवाना (66), निवासी मजदूर नगर, शाहजहांनाबाद को गिरफ्तार किया गया।

अवैध कॉलोनियों पर कार्रवाई नहीं, कलेक्टर बोले- आदेश के बाद भी एफआईआर क्यों

डीआर संवाददाता॥भोपाल

अवैध कॉलोनियों पर कार्रवाई को लेकर कलेक्टर लोकेश जिकम सिंह ने मंगलवार को सख्ती दिखाई। टाइम लिमिट बैठक में रूपी एसडीएम को सख्त निर्देश दिए। कहा कि आदेश के बावजूद पिछले 10 दिनों से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। ग्रेस कॉलोनियों पर आदेश पारित हो चुके हैं, उनमें अब तक एफआईआर क्यों दर्ज नहीं हुई, यह स्पष्ट किया जाए।

कलेक्टर ने कहा कि जब 193 से अधिक अवैध कॉलोनियों की सूची तैयार है, तो कार्रवाई में देरी क्यों हो रही है। उन्होंने एसडीएम से कहा कि इस पूरे मामले की मॉनीटरिंग वे खुद करेंगे। कलेक्टर ने रूपी देहात को फोन कर थानों से भेजे गए आदेशों पर एफआईआर न होने की वजह पूछी और निगरानी के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि जब तक अवैध कॉलोनियों के नए नियम लागू नहीं होते, तब तक पुराने प्रावधानों के तहत सख्त कार्रवाई की जाए। प्रशासन को लगातार शिकायतें मिल रही हैं कि बिल्डर शासनी कृषि भूमि खरीदकर खेतों में भूखंड डालकर प्लॉट काट रहे हैं और कॉलोनी बसाकर बेच रहे हैं। कई जगह सड़क, नाली, बिजली और पानी जैसी सुविधाएं सुविधाएं नहीं हैं, फिर भी प्लॉट ऊंचे दामों पर बेचे जा रहे हैं। अधिकारियों के अनुसार, इससे आम लोग मोहित में रजिस्ट्री और सुविधाओं की गंभीर समस्याओं में फंस सकते हैं। इसी को देखते हुए जांच के लिए टीमें बनाई गई हैं।

अभियान की समीक्षा

टीएल बैठक में कलेक्टर ने स्कूलों से समाधान अभियान की जानकारी ली। यह अभियान 12 जनवरी से 31 मार्च 2026 तक चलेगा। इसका उद्देश्य पात्र हितग्राहियों तक केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। ओर-टू-ओर जाए अक्सर कलेक्टर ने नगर निगम आयुक्त और सामीण क्षेत्र के लिए जिला पंचायत सीईओ को नोडल अधिकारी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने शिविरों की तिथि तय करने और पात्र हितग्राहियों की पहचान के लिए ओर-टू-ओर अभियान चलाने को कहा।

जल सुनवाई भोपाल के 85 वार्डों में जल सुनवाई...49 सैंपल लिए

निगम के दफ्तर के बाद 6 घंटे डटे रहे लोगय बोले- जहरीला पानी पी रहे

डीआर संवाददाता॥भोपाल

भोपाल के सभी 85 वार्डों में मंगलवार को पहली बार जल सुनवाई हुई है। सुनवाई सुबह 11 बजे से शुरू हुई, जो दोपहर 1 बजे तक चली। इसमें आमजन ने पानी से जुड़ी अपनी शिकायतों दर्ज कराई। पानी के कुल 49 सैंपल लिए गए। दूसरी ओर, ब्रिज विहार और निशातपुरा के 50 से ज्यादा लोग गंदे पानी के मुद्दे को लेकर नगर निगम के आईएसबीटी स्थित कार्यालय के बाहर करीब 6 घंटे तक डटे रहे।

बैनर-पोस्टर के साथ वे दोपहर में डटे रहे, लेकिन अंदर परिषद की मीटिंग चलने की वजह से कोई भी जिम्मेदार

उनसे मिलने नहीं पहुंचा। इससे नाराज लोगों ने जमकर नारेबाजी की। पुलिस ने समझाइश दी, लेकिन वे कैंपस में ही बैठ गए। दोपहर में नैत्र पीड़ित संगठन की रचना दिनवा की मौजूदगी में कुछ लोग निगम कमिश्नर संस्कृति जैन से मिलने पहुंचे।

लोगों ने कहा कि नगर निगम उन्हें गन्दाईड का जहरीला पानी पीने को मजबूर कर रहा है। अपनी मांगों के साथ मोहल्ले के रहवासी नगर परिषद कार्यालय के बाहर पहुंचे और नारेबाजी की।

हर मंगलवार होगी जल सुनवाई

इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी पीने से करीब 23 लोगों की मौत हो चुकी है। भोपाल के आदमपुर छावनी, बाजोरी नगर और खजूरावा में भी दूषित पानी मिल है, जहां भूजल के उपयोग पर रोक लगा दी गई है। प्रदेश के कई जिलों से दूषित पानी की शिकायतें आ रही हैं। सरकार ने हर मंगलवार को जनसुनवाई की तर्ज पर जल सुनवाई आयोजित करने का फैसला लिया है। इस दौरान अधिकारी एमएचएस के साथ बैठकर लोगों की पानी से जुड़ी समस्याएं सुन रहे हैं।

सुबह 49 नमूने लिए गए। इस दौरान वार्ड नंबर-44 के अंतर्गत गंदे पानी की 1 शिकायत प्राप्त हुई, जिसके निवारण की कार्रवाई शुरू की गई है।

भोपाल के आदमपुर छावनी, हरिपुरा समेत कई इलाकों में दूषित भूजल के उपयोग पर रोक लगाई है।

ये होगा जल सुनवाई में

जल के नमूनों का सामान्य मानकों रंग, स्वाद, गंध, पीएच, कुल कठोरता, कैल्शियम कठोरता, मैग्नीशियम कठोरता, टीडीएस, एसबीडिटी के साथ ही रेसिडुअल क्लोरीन, फ्लोराइड, ई-कोलाई आदि मानकों के आधार पर परीक्षण होगा।

हर वार्ड कार्यालय में होगी सुनवाई

निगम कमिश्नर संस्कृति जैन ने सभी वार्ड ऑफिस में जल सुनवाई करने को कहा है। यहां लोग अपने पानी के नमूने भी दे सकेंगे।

बीयू कैंपस में छात्र को बेरहमी से पीटा, पुलिस को जानकारी नहीं

डीआर संवाददाता॥भोपाल

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय परिसर में एक छात्र के साथ लाठी-डंडों से मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में कुछ युवक छात्र को बेरहमी से पीटते नजर आ रहे हैं। बताया जा रहा है कि घटना विश्वविद्यालय परिसर की है, जिससे छात्र सुरक्षा पर सवाल खड़े हो गए हैं।सारोप है कि मारपीट में विश्वविद्यालय में एनएसयूआई अध्यक्ष विकास ठाकुर शामिल था। छात्रों का कहना है कि उसे से एनएसयूआई जिला अध्यक्ष अक्षय तोमर का संरक्षण प्राप्त है। वीडियो सामने आने के बाद छात्र संगठनों में आक्रोश है। बाग सेवनिया थाना प्रभारी अनिल सोनी ने बताया कि किसलाल थाने में कोई लिखित शिकायत नहीं मिली है।

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर माघ कृष्ण पक्ष 11 ,2082 सीहोर,दिन बुधवार,दिनांक 14 जनवरी 2026

न्यूज गैलरी

भगवान के निर्वाण दिवस पर होंगे विशेष अनुष्ठान

सीहोर। आदिनाथ तीर्थ धाम सिद्धि अमलाहा में प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ के निर्वाण दिवस पर तीर्थंकर भगवान की प्रतिमा के 108 कलशों से महाभिषेकाभिषेक, भक्तामर स्तोत्र पाठ विधान 48 दीपक से महाआरती बाल ब्रह्मचारी श्रीपाल सेठ्ठी के निर्देशन में धार्मिक अनुष्ठान किए जाएंगे।

आंगनबाड़ी केंद्रों में वर्ष 2026 के अवकाश घोषित

सीहोर। आंगनबाड़ी केंद्रों में 2026 के अवकाश घोषित किए हैं। पोंगल 14 जनवरी, होली 3 मार्च, डॉ. अंबेडकर जयंती 14 अप्रैल, बुद्ध पूर्णिमा 1 मई, ईद-उल-अजहा 27 मई, मोहर्रम 26 जून, सर्वोदय 25 व नितांत उन गयी 26 अगस्त, जन्माष्टमी 4 सितंबर, दशहरा 20 अक्टूबर को है।

ई-कृषि यंत्र अनुदान के लिए आवेदन 1 5 तक

सीहोर। ई-कृषियंत्र अनुदान पोर्टल पर ट्रैक्टर चालित रीपर बाय बाइंडर एवं स्वचालित रीपर बाय बाइंडर यंत्रों के लिए 15 जनवरी 2026 तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इसके लिए उपयुक्त आवेदकों को स्वयं लॉगइन करना होगा, वाहन पोर्टल पर आवेदन करने लाभ ले सकते हैं।

नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा के प्रवेश पत्र जारी

सीहोर। कक्षा 9वी एवं 11वी में प्रवेश के लिए आयोजित जवाहर नवोदय चयन परीक्षा-2026 के प्रवेश पत्र नवोदय विद्यालय समिति के आधिकारिक वेब पोर्टल पर उपलब्ध करा दिए हैं। पात्र अभ्यर्थी निर्धारित लिंक पर लॉगिन कर अपने प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

बीएलएड प्रथमाद्वितीय वर्ष के परीक्षा परिणाम घोषित

सीहोर। माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश, भोपाल ने सत्रांत के अंतर्गत संचालित बीएलएड प्रथम द्वितीय वर्ष परीक्षा 2025 (द्वितीय द्वितीय अवसर) के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए हैं।

स्वामी विवेकानंद जयंतीरू युवाओं ने लगाई 2 किमी दौड़

अहमदपुर। स्वामी विवेकानंद जयंती और राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) इकाई अहमदपुर ने सोमवार को मैराथन दौड़ का आयोजन किया। यह दौड़ 2 किलोमीटर की थी। इसमें बड़ी संख्या में युवाओं और विद्यार्थियों ने भाग लिया। मैराथन दौड़ का समापन जहमदपुर मंडी परिसर में हुआ, जहां एक कार्यक्रम आयोजित किया गया।

पानी चोरी पर सख्ती से राहत, जलप्रदाय अब एक घंटे किया

सीहोर। नगरपालिका की सख्ती से पानी चोरी पर लगाम लगी है। इसका असर अब दिखने लगा है। इस बार जगोनिया और भगवानपुरा तालाब में जलस्तर कम है। फिर भी पार्षदी नदी के कांकेरी बंधान में पर्याप्त पानी है। इससे लहरबारियों को बड़ी राहत मिली है। जलस्तर बेहतर होने पर नगरपालिका ने जलप्रदाय की अवधि सुबह दी है। अब दो दिन के अंतराल में मिलने वाला पानी 45 मिनट की बजाय एक घंटे तक मिलेगा। इससे गर्मी में पेयजल संकट से काफी हद तक राहत मिलेगी। इस साल कम बारिश के कारण ज्यादातर जलस्रोत सूख गए थे। इससे गर्मी में जलसंकट की आशंका थी। हर साल पानी चोरी से भी जलस्रोत सूखने का खतरा रहता है। स्थिति को देखते हुए नगरपालिका ने समय रहते

समीक्षा अधिकारियों व आयोजन समिति के साथ बेहतर व्यवस्थाओं के संबंध में की चर्चा, कार्ययोजना से जारी किए दिशा निर्देश

संभागायुक्त, आईजी, डीआईजी, कलेक्टर व एसपी ने रुद्राक्ष महोत्सव की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

डीआर संवाददाता>सीहोर

कुबेरेश्वर धाम में आगामी 14 फरवरी 20 फरवरी तक आयोजित होने वाले रुद्राक्ष महोत्सव के दृष्टिगत भोपाल संभागायुक्त राजीव सिंह, आईजी अमन सिंह, डीआईजी संतोष बडोले, कलेक्टर सत्यनुरू के, पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार सुनसरा, विधायक पंडित प्रदीप मिश्रा, सांसद अधिकारियों एवं समिति के पदाधिकारियों के साथ सर्किट हाउस में बैठक आयोजित कर महोत्सव के संबंध में चर्चा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में प्रशासन तथा समिति द्वारा इस आयोजन के दौरान आवश्यक व्यवस्थाओं, सुविधाओं, सेवाओं तथा कार्य योजना को प्रोपोजी के माध्यम से प्रदर्शित किया गया।

बैठक में उन्होंने कहा कि रुद्राक्ष महोत्सव के दौरान देश प्रदेश से लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है, ऐसे में प्रशासन और आयोजन समिति दोनों की जिम्मेदारी है कि सभी व्यवस्थाएं समय पर, योजनाबद्ध और उच्च गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही सीधे श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा को प्रभावित करेगी, इसलिए सभी अधिकारी और आयोजन समिति अपने दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करें। बैठक में प्रशासन द्वारा आयोजन समिति को पर्याप्त पार्किंग स्थल की व्यवस्था करने, संकेतक लगाने, भीड़ प्रबंधन और इस आयोजन के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिसकर्मियों तैनात करने के लिए कहा गया। बैठक में इस आयोजन के दौरान बेहतर तालमेल बनाए रखने के लिए समिति के सभी पदाधिकारियों, वॉलंटियर्स और प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए गए। यातायात एवं पार्किंग प्लान की समीक्षा करते हुए अधिकारियों ने निर्देश दिए कि मुख्य मार्गों एवं हाईवे पर यातायात सुचारु रखने के लिए प्रभावी डायवर्जन प्लान लागू किया जाए। पार्किंग स्थलों का स्पष्ट चिन्हांकन कर अलग-अलग जोन निर्धारित किए जाएं ताकि आयोजन समिति एवं प्रशासन यह सुनिश्चित कर सके कि श्रद्धालुओं को पार्किंग से लेकर स्थल तक सुगमता और सुव्यवस्थित आवागमन की सुविधा मिले। महिलाओं एवं अन्य वाहनों के लिए निर्धारित रूटिंग, उचित प्रकाश तथा सभी व्यवस्था सभा स्थलों पूर्ण करने के निर्देश भी दिए गए। भीड़ नियंत्रण एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बर्थ्डाज स्थल को विभिन्न सेक्टरों में विभाजित करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने आयोजन समिति एवं प्रशासन को पर्याप्त संख्या में वॉलंटियर्स तैयार रखने, उनकी पहचान पत्र उपलब्ध कराने तथा भीड़ प्रबंधन संबंधी आवश्यक प्रशिक्षण दिलाने के निर्देश दिए। फायर सेफ्टी को लेकर फायर ब्रिगेड, अग्निशमन उपकरण एवं आपातकालीन निकास व्यवस्था पूर्ण रूप से उपलब्ध रखने के निर्देश दिए गए। पेयजल, स्वच्छता एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति को संबंध अधिकारियों ने आयोजन स्थल एवं आसपास के क्षेत्रों में पर्याप्त मात्रा में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने, प्याऊ, टोटियुक्त नल कनेक्शन एवं जल टैंकरों की सुगमित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। स्वच्छता के लिए अस्थाई एवं सुविधा शौचालयों की पर्याप्त संख्या स्थापित कर सफाई कर्मियों की विशेषकर महिलाएं लगाने तथा कचरा प्रबंधन की प्रभावी व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। विद्युत व्यवस्था को सुरक्षित रखते हुए सभी वायरिंगों की जांच, नो-फ्री जोन का पालन एवं विद्युत विभाग की 24 घंटे सतर्कता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। लाजवाबी व्यवस्थाओं के अंतर्गत मेडिकल कनेक्टिविटी, अनाउंसमेंट सिस्टम एवं एमर्जेंसी एक्सिट व्यवस्था को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए, ताकि श्रद्धालुओं को कम्फ तथा शांत सरलता एवं आवश्यक सहायता समय-समय पर प्राप्त हो सके।

मकागज पर लिखा 13 साल के अजीम मंसूरी ने दिया आवेदन

डीआर संवाददाता>सीहोर

कलेक्टर, पापा की, चोर तालिब ने मुझे मेरी कार वापस दिला दें, प्लीज। स्लोगन पर लिखा 13 साल के अजीम मंसूरी मंगलवार को जनसुनवाई में पहुंचे और चोरी गई कार को वापस दिलाने की मांग की। अजीम मंसूरी डीएसपी ऑफिस एवं तहसीलदार के नजदीक प्रस्तावित नई अदालत के पास क्रीसेंट व बेसिल होटल के बीच इछावर रोड के रहने वाले हैं।अजीम ने बताया कि 25 दिसंबर 2025 को मैं कार में बैठकर मोबाइल पर गेम खेल रहा था। तभी दोपहर 12 बजे के लगभग भोखापाडी और बोरी की निकट से मैं कुछ लोग आए और मुझसे चाभी छीनकर शाम तक आने का कहकर गाड़ी लेकर फरार हो गए। काफी तक गाड़ी नहीं आने पर और देर रात मेरे पापा के घर आने पर यह सारी घटना मैंने पापा को बताई। पापा ने किसी तरह उनसे संपर्क किया तो उन्होंने कहा कि मैं एक हजार रुपए हर दिन के हिसाब से कार का भुगतान करके तुम्हारी कार छोड़ जाऊंगा। यह भी बताया कि कार सैकलवेली रोड पर मैकेनिक की वर्कशॉप पर खड़ी है। उसमें कुछ काम है। उन्होंने आवेदन दिया है।

10 माह से पीएफ का भुगतान नहीं किया

सिविल अस्पताल इछावर में कार्यरत स्टाफ टास्क कर्मचारियों ने वेतन और पीएफ भुगतान नहीं होने को लेकर गुस्सा जताई है।कर्मचारियों का कहना है कि उन्हें एक महीने से वेतन नहीं मिला है। वहीं करीब 10 माह से पीएफ का भुगतान भी लंबित है। जबकि सभी कर्मचारी नियमित रूप से अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं। कर्मचारियों के अनुसार समयानुसार वेतन न मिलने से उत्पन्न उन्हें आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। दैनिक आवश्यकताओं का निर्वहन करना मुश्किल हो गया है। कर्मचारियों ने मांग की लेकर आवेदन दिया है।

कस्बा क्षेत्र के नागरिकों को अब कस्बा में ही मिलेंगी चिकित्सा सुविधा

डीआर संवाददाता>सीहोर

विधायक सुदेश राय, भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा और नगर पालिका अध्यक्ष श्री प्रिंस राजौर ने सीहोर के नगर क्षेत्र अंतर्गत 34 में नवनिर्मित मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक का लोकार्पण किया। सीएमएचओ डॉ सुधीर देवरिया ने बताया कि इस नवनिर्मित मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक से 07 वार्डों के नागरिकों को निशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं आसानी से उपलब्ध होंगी।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक प्रदेश सरकार द्वारा शहरी क्षेत्रों में लोगों को घर के पास युक्त स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए शुरू की गई एक महत्वपूर्ण पहल है। जहां सामान्य बीमारियों का इलाज, दवाइयां, पैथोलॉजी जांचें और विशेषज्ञ डॉक्टर की सलाह जैसी सुविधाएं आसानी से मिलती हैं, जिससे स्वास्थ्य केंद्रों पर भीड़ भी कम होती है। कार्यक्रम के दौरान डीएमओ डॉ नासरी आर्या, डॉ मैथिल अग्रवाल, श्री लालबहादुर गुप्ता, सत्यम कार्यक्रम प्रभारी श्री हरिओम मेहरा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

नवजात की मौत पर प्रशासन को सात दिन का अल्टीमेटम

डीआर संवाददाता> गैरबा

जिला अस्पताल सीहोर में नवजात शिशु की मौत और उसके बाद सड़क किनारे हुए अंतिम संस्कार ने गांवों में अब सामाजिक और सामाजिक रोष ले लिया है। अखिल भारतीय जाट महासभा आष्टा ने इस घटना को लेकर कड़ा रुख अपनाते हुए प्रशासन से जिलाध्यक्ष अरु-पार की कार्रवाई का ऐलान कर दिया है। नवजात को जाट महासभा के पदाधिकारियों ने गैरबा और आष्टा में राजपथ के नाम एक ज्ञापन सौंपा।

महासभा ने आरोप लगाया कि सरकार की पीड़ित महिला सलता जाट के नवजात शिशु को अस्पताल में सही समय पर इलाज नहीं मिला, जिससे उसकी मौत हो गई। संगठन ने इस पूरी घटना को स्वास्थ्य विभाग की गंभीर लापरवाही करार दिया है। महासभा के पदाधिकारियों ने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि एक गरीब पिता को अपनी बेटी का शव सड़क किनारे जलाना पड़ा। यह न केवल मानवीय संवेदनाओं को आहत करने वाला है, बल्कि सरकार के लिए भी शर्मनाक है।

सीहोर में 14 जनवरी के दिन 356 क्रांतिकारियों ने दी थी शहादत

डीआर संवाददाता>सीहोर

ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ 1857 की क्रांति को भारतीय इतिहास में प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के रूप में देखा जाता है। मेरठ से 10 मई 1857 को सैनिक विद्रोह के रूप में शुरू हुई इस क्रांति ने ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ विद्रोह का बिगुल फूंका। ब्रिटिश शासन के खिलाफ लोगों में अभूतपूर्व रोष पैदा गया और धीरे धीरे इस आंदोलन ने एक रूप ले लिया। पूरे देश के साथ ही मध्य भारत में भी अंग्रेजी हुकूमत के इस विद्रोह को दबाने के लिए अनेक क्रांतिकारियों को फांसी से भून दिया।

अंग्रेजी शासन के खिलाफ मध्य भारत में चल रहे विद्रोह में सीहोर की बरकतपुर छावनी की 51वीं पलटन की भूमिका महत्वपूर्ण मानी जाती है। इस मई 1857 को मेरठ की क्रांति से पहले ही सीहोर में क्रांति की चिंगारी सुलग चुकी थी। रेवाड़ी, उत्तर भारत से होती हुई क्रांतिकारी गतिविधियां 13 जून 1857 को सीहोर और बागौन क्षेत्रों में पहुंच चुकी थीं। इस कारण अंग्रेज की छावनी के सैनिकों को नए कारतूस दिए गए। इन कारतूसों में सूअर और गाय की चर्बी लगी हुई थी। जाति व धर्म के खिलाफ माने जाने वाले इस कदम ने सैनिकों में आक्रोश और बढ़ गया। सीहोर छावनी के सैनिकों ने सीहोर कंटोनमेंट पर लगे अंग्रेजों का झंडा उतार कर जला दिया और खजाने कोष और शस्त्रागार के लूटकर तोपखाने में स्वतंत्र तिरंगा फहराकर सरकार का ऐलान किया। जनवरी हुकूमत को उक्त सैनिक की क्रांतिकारी गतिविधियों के बारे में जानकारी मिली तो उन्होंने इसे बलपूर्वक कुचलने के आदेश दिए।

सीहोर में जनरल हुकूमत के आदेश पर 14 जनवरी 1858 को सभी 356 क्रांतिकारियों को जेल से निकालकर सीहन नदी किनारे सैकड़ाखेड़ी चांदमारी मैदान में लाया गया। इन सभी क्रांतिकारियों को एक साथ गोलियों से भून दिया गया था। जनरल हुकूमत इन क्रांतिकारियों के शव पेड़ों पर लटकाने के आदेश दिए और शवों को पेड़ों पर लटकाकर छोड़ दिया गया था।

दो दिन बाद अलगासा के ग्रामवासियों ने इन क्रांतिकारियों के शवों को पेड़ से उतारकर इसी मैदान में दफनाया था। मंडल सहायक के अवसर पर 14 जनवरी को बड़ी संख्या में नागरिक सैकड़ाखेड़ी गांव पर स्थित शहीदों के समाधि स्थल पहुंचकर पुष्पांजलि अर्पित करते हैं।

राजस्व मंत्री का क्षेत्र फिर भी खेतों में अंतिम संस्कार

डीआर संवाददाता> इछावर

कटारिया बांधर गांव में श्मशान की स्थापना आज नहीं है। गांव में 79 डिसमिल भूमि श्मशान के लिए आवंटित है। इसके बावजूद न रोड बना, न रास्ता बना। सोमवार को एक ग्रामीण की मौत के बाद शव सामग्री किर सामने आई। अंतिम संस्कार खुले में करना पड़ा। कुछ ग्रामीण खेतों में ही अंतिम संस्कार करते हैं।

कई बार प्रशासनी लगातार संस्कार करना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा वर्षों से कर रहे हैं। फिर भी गांव की यह समस्या जस की तस है। ग्राम पंचायत ने अब तक न रोड बनवाया, न रास्ता बनवाया। ग्राम पंचायत कटारिया सीधा के सचिव बलराम वर्मा ने बताया कि रोड निर्माण का प्रस्ताव पंचायत चित्त आयोग से भेजा गया है। शीघ्र मिलते ही निर्माण शुरू होगा।

भैरूंदा। शिवगांव कलाँ में भी ऐसे ही हालात्त भैरूंदा। इसी तरह भैरूंदा तहसील से लगभग 15 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम शिवगांव कलाँ में भी श्मशान घाट का निर्माण नहीं हो पाया है। गांव में अंतिम संस्कार की व्यवस्था को लेकर ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में जब ग्राम सचिव विनोद साहू से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि प्रस्तावित स्थल प्राइवेट जमीन पर होने के कारण श्मशान घाट नहीं बन सका।

पहली बार मंडी गेटपर कैमरों से सोयाबीन की मॉनिटरिंग की जा रही है

मंडी कर्मचारी ने गेटपर किसान को रोका, पूरी जानकारी ली, सोयाबीन नया होने पर ही पर्ची दी

डीआर संवाददाता>सीहोर

मंगलवार को 1.10 बजे वेस्टवेयरहाउस के किसान सतीश ने मंडी गेट से सोयाबीन की ट्राली अंदर लाया। गेट पर वीडियो रिकॉर्डिंग कर रहे कर्मचारी ने उसे ट्राली साइड में लगाने को कहा। इसके बाद किसान से उसका नाम, ट्रैक्टर-ट्राली का नंबर और गांव का नाम पूछा। सोयाबीन नया होने पर उसे पर्ची देकर अंदर भेज दिया। 1.15 बजे दूसरा किसान आया। उससे भी इसी तरह जानकारी ली गई। कर्मचारी ने बताया कि पुराना सोयाबीन होने पर पर्ची नहीं बना रहे। पहली बार मंडी गेट पर कैमरों से सोयाबीन की मॉनिटरिंग की जा रही है। मंडी बोर्ड के निर्देशों के बाद अब मंडी के गेट पर ही सोयाबीन की जांच की जा रही है। कर्मचारी जीनरा लेकर सोयाबीन की नाड़ियों का वीडियो बनाते हैं। नया सोयाबीन होने पर भावांतर में खरीदी के लिए पर्ची देते हैं। पर्ची भी तब दे रहे जब सोयाबीन की ट्राली के साथ खुद किसान का कोई सदस्य पहुंच रहा है। यदि कोई पुराने सोयाबीन की गड़ी आती है तो उसे बिना भावांतर की पर्ची के अंदर भेज दिया जाता है, ताकि वह सोयाबीन भावांतर भुगतान योजना में खरीदी न की जाए। पंजीयन का दुरुपयोग रोकने कुछ पुराकर व्यापारी, जिन्हें स्थानीय भाषा में फड़िया कहा जाता है, छोटे किसानों से कम भाव में सोयाबीन खरीदकर मंडी में लाते हैं। फिर अन्य किसानों के पंजीयन का दुरुपयोग कर उसे भावांतर योजना में बेचते हैं। इस पर भी रोक लगाने के निर्देश दिए गए हैं। आयुक्त ने कहा है कि नियमों का उल्लंघन करने वालों पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही पहले जारी निर्देशों का भी सख्ती से पालन किया जाए।

इधर, मंडी में 6800 रुपए प्रति क्विंटल तक बिका सोयाबीन मंडी में कुल 8 हजार 144 क्विंटल की आवक हुई। इस दौरान 2726 क्विंटल सोयाबीन की आवक हुई। मंगलवार को सोयाबीन का न्यूनतम भाव 3001 और अधिकतम भाव 6701 रुपए प्रति क्विंटल तक रहा। वहीं इसका मॉडल भाव 5000 रहा।

माध्यमिक शिक्षा मंडल ने हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा-2026 की संशोधित

डीआर संवाददाता>सीहोर

माध्यमिक शिक्षा मंडल, मध्यप्रदेश ने सत्र 2025-26 की 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं के लिए संशोधित समय-सारणी जारी की है। कुछ विषयों की तिथियों में आंशिक बदलाव किया गया है। 10वीं में हिन्दी की परीक्षा 6 मार्च 2026 (शुक्रवार) को होगी। 12वीं में उर्दू/मराठी की परीक्षा 9 फरवरी 2026 (सोमवार) और हिन्दी की परीक्षा 7 मार्च 2026 (शनिवार) को आयोजित की जाएगी। बाकी सभी विषयों की परीक्षाएं पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार होंगी। सभी परीक्षाएं सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक होंगी। बोर्ड ने स्कूलों को संशोधित समय-सारणी विद्यार्थियों तक पहुंचाने और सूचना पटल पर लगाने के निर्देश दिए हैं तथा छात्रों से केवल आधिकारिक वेबसाइट www.bhopalmsb.org पर भरोसा करने की अपील की है।

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर माघ कृष्ण पक्ष 11 ,2082 सीहोर,दिन बुधवार,दिनांक 14 जनवरी 2026

न्यूज गैलरी

आदिवासियों को कंबल वितरित किए

रेहटी। ग्राम नगर में बारेला समाज में अमर सिंह चौहान, राजेंद्र सिंह चौहान कजरवा ने अपने पिता स्वर्गीय राम सिंह चौहान की पांचवी पुण्यतिथि पर जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए। चौहान परिवार 12 साल से गांव पहुंचकर उन्हें गर्म कपड़े वितरण करते आ रहा है। अभी तक वह 500 से अधिक गर्म कंबल दे चुके हैं। अमर सिंह चौहान और राजेंद्र चौहान ने बताया कि पिता की पुण्यतिथि पर यह शुरुआत की है, जो लगातार चलती रहेगी।

रिटायर्ड यंत्री और पूर्व सरपंच को कुत्तों ने काटे

इछावर। मंगलवार को नगर के निम्बुरा जाने वाले रास्ते पर एक कुत्ते ने अचानक रिटायर्ड यंत्री अति अग्रवाल पर हमला कर दिया। अग्रवाल ने भागकर जैसे-तैसे अपनी जान बचाई लेकिन कुत्ते के दांत उनके पैर में लग गए। इसी तरह ग्राम डाबला माता में पूर्व सरपंच गगन सिंह घर से खेत पर जा रहे थे, तभी तालाब की पाल पर पाल कुत्तों ने अचानक उन पर हमला कर दिया। कुत्तों के अचानक हमले से वह पाल पर ही गिर गए, कुत्तों ने काटे तक से उनको लहूलुहान कर दिया। गनीमत थी कि महेश ने एक भतिजा ने देख लिया और लकड़ी से कुत्तों को भगाया। दोनों ने सिविल अस्पताल पहुंचकर अपना ट्रीटमेंट करवाया व रेबीज के इंजेक्शन लगवाए। कुत्तों द्वारा नगरी को घायल करने की लगातार घटनाओं के बाद सुप्रीम कोर्ट ने भी संज्ञान लिया है, लेकिन स्थानीय प्रशासन अभी भी लापरवाह बना हुआ है।

माताजी के मंदिर के पास सड़क पर फैलता है नाली का पानी

आष्टा। गांधी नीम माताजी के मंदिर के पास सुभाष चौक जाने वाले रास्ते पर नाली का पानी पूरे रोड पर आ जाता है। इससे सारी आने-जाने वालों को उसमें से पैर रखकर जाना पड़ता है। पास में ही जैन स्थानक मंदिर है। इसमें साफ सुथरा होकर रोजाना सेवा पूजा करने वाले भी इसी गंदे नाली के पानी में पैर रखकर जाते हैं। इससे काफी परेशानी होती है। इस गंदगी से बचने के लिए लोगों को दूसरे रास्ते से मंदिर पहुंचना पड़ता है। नगर पालिका परिषद, वार्ड पार्षद, प्रशासनिक अधिकारी, और अन्यत्र प्रतिनिधि राय सिंह गेवाड़ा इस सूचना को संज्ञान में लेकर उचित और स्थाई हल निकालने का प्रयास करें। -संतोष देवगुरुवा

तुलजाराम भोजवानी की पुण्यतिथि पर गो-सेवा की

आष्टा। नं पर्वती ग्राम गोशाला में स्वर्गीय तुलजाराम भोजवानी की 81वी पुण्यतिथि पर भोजवानी परिवार द्वारा श्रद्धा व भक्ति से परिपूर्ण गो-सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। गौ माताओं को आहार स्वरूप हरी सब्जी, गुड़-चना, पशु दाने तथा संक्रांति के पूर्व पारंपरिक रूप से गुड़-तिल का गो-दान कराया गया। भोजवानी परिवार के प्रमुख मनोहर भोजवानी ने अपने पिताश्री स्वर्गीय तुलजाराम जी की पुण्य स्मृति में गोशाला के विकास व गौ माताओं के आहार हेतु 2100 रु. दान राशि गोशाला कोषाध्यक्ष संजय सुराणा को प्रदान की। गोशाला अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाह ने कहा कि भोजवानी परिवार द्वारा प्रति वर्ष आयोजित यह गो-सेवा कार्यक्रम समाज में प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत करता है। इस अवसर पर भोजवानी परिवार के सभी सदस्य उपस्थित थे।

टीएल बैठक — कलेक्टर ने शुद्ध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

धान उपार्जन में केवल पंजीकृत किसानों से ही की जाए खरीदी , कलेक्टर श्री बालागुरू के.

डीआर संवाददाता»सीहोर

कलेक्टर श्री बालागुरू के की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में टीएल बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने सभी विभागों के समय-सीमा वाले प्रकरणों और सीएम हेल्पलाइन में लंबित प्रकरणों की समीक्षा की और समय सीमा के भीतर सभी प्रकरणों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने विभिन्न विभागों की विभागीय गतिविधियों की भी समीक्षा की।

कलेक्टर श्री बालागुरू के टीएल बैठक के दौरान 12 जनवरी युवा दिवस से प्रारंभ हुई संकल्प से समाधान योजना के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस योजना का उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध, पारदर्शी और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है। कलेक्टर ने कहा कि योजना से आमजन प्राप्त होने वाली शिकायतों एवं आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर

निराकरण किया जाए तथा प्रत्येक प्रकरण में शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पूर्णतः पालन किया जाए। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने विभाग से संबंधित प्रकरणों की नियमित समीक्षा करें और निर्धारित समय-सीमा में समाधान सुनिश्चित करें। बैठक में कलेक्टर ने यह भी स्पष्ट किया कि लापरवाही या दिखावे को गंभीरता से लिया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों से अपेक्षा की कि जनता से संवेदनशील व्यवहार रखते हुए गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान की जाएं ताकि योजना का उद्देश्य विधिवत लाभ आमजन तक पहुंच सके। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रचना यादव, अपर कलेक्टर श्री वृंदावन सिंह, संयुक्त कलेक्टर सुश्री वंदना खलखो, श्री रविन्द्र पटेल, डिप्टी कलेक्टर श्री जगीर खान, एसडीएम श्री रत्नाकर वर्मा, श्रीमती स्वाति मिश्रा सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने शुद्ध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

कलेक्टर ने नागरिकों को शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के समीक्षा विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पेयजल आपूर्ति व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही और गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होगा। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि पेयजल के स्रोत से लेकर जल आपूर्ति के अंतिम छोर तक पाइप लाइनों में पानी की गुणवत्ता की जांच अनिवार्य रूप से की जाए। इस जांच प्रक्रिया में जल स्रोत, शोधन संयंत्र, वितरण प्रणाली एवं उपभोक्ता स्तर पर गुणवत्ता परीक्षण किया जाए, ताकि प्रत्येक स्तर पर नागरिकों को पीने का शुद्ध पानी सुनिश्चित हो सके। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जहां कहीं भी पेयजल निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप नहीं पाया जाए, वहां तत्काल उस आपूर्ति रोक दी जाए तथा प्रभावित क्षेत्रों में वैकल्पिक पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही संबंधित अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग करने और सामान्य-सामान्य पर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए।

गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर दिए निर्देश

कलेक्टर श्री बालागुरू के ने टीएल बैठक के दौरान कहा कि आगामी 26 जनवरी को आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह की सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय-सीमा के भीतर पूर्ण कर ली जाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि समारोह की गरिमा और सफल आयोजन के लिए प्रत्येक व्यवस्था का समय पर और सुचारु रूप से किया जाना आवश्यक है। कलेक्टर ने कहा कि जिन अधिकारियों को जो दायित्व सौंपे गए हैं, वे उन्हें पूर्ण गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ निभाएं। उन्होंने मंच, पंडाल, सुरक्षा, पार्किंग, स्वच्छता, चिकित्सा, बिजली, पेयजल सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की सतत समीक्षा करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिये।

खाली प्लॉटों में लंबे समय से बनी जलभराव की समस्या देखी

डीआर संवाददाता»गैरतगंज

नगर में जलभराव की समस्या को लेकर प्रशासनिक सक्रियता दिखाई दी। नगर परिषद अध्यक्ष भारती विशिर के नेतृत्व में मंगलवार को वार्ड नंबर 14 स्थित शारदा नगर के खाली प्लॉटों में लंबे समय से बनी जलभराव की समस्या का निरीक्षण किया गया।

बरसात के मौसम में यहां पानी जमा होने से स्थानीय निवासियों को परेशानी के साथ नगरवासी के प्रकोप और स्वास्थ्य संबंधी खतरे का सामना करना पड़ रहा था। अध्यक्ष भारती विशिर ने मुख्य नगर परिषद अधिकारी और सीवरेज प्रोजेक्ट के इंजीनियर के साथ मौके पर निरीक्षण कर जल निकासी की व्यवस्था में पाई गई खामियों पर चर्चा की। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनता की समस्याओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शासन्यान में अनावश्यक देरी स्वीकार्य नहीं है। जल्द ही शुरू होगा काम निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष ने संबंधित अधिकारियों को जल निकासी की समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिए। मुख्य नगर परिषद अधिकारी और सीवरेज प्रोजेक्ट के इंजीनियर ने आश्वासन दिया कि जल्द ही आवश्यक कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। इससे जनता पानी की निकासी सुनिश्चित हो सकेगी और स्थानीय निवासियों को राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि स्थायी समाधान के लिए तकनीकी स्तर पर आवश्यक सुधार भी किए जाएंगे। विकास कार्यों की गति होगी तेज। नगर परिषद अध्यक्ष भारती विशिर ने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान परिषद की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने गरीबा दिलाया कि नगर में विकास कार्यों की गति और तेज की जाएगी, ताकि हर नागरिक को मूलभूत सुविधाएं समय पर उपलब्ध हो सकें।

कन्या शिक्षा परिसर राष्ट्रीय युवा दिवस एवं स्वामी विवेकानंद जयंती

डीआर संवाददाता»नरसाल

सुर्या फाउंडेशन द्वारा संचालित कन्या शिक्षा परिसर, सीहोर में राष्ट्रीय युवा दिवस एवं स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत हर घर तिरंगा अभियान के तहत संकल्प रैली आयोजित की गई जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कल्पेश शर्मा राष्ट्रीय परिषद

सदस्य, क्षेत्रीय कार्य समिति सदस्य, पूर्व क्षेत्र संयोजक रहे। उन्होंने अपने संबोधन में स्वदेशी वस्तुओं के अपनाने, विदेशी उत्पादों के बहिष्कार तथा आत्मनिर्भर भारत के संकल्प पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने स्वामी विवेकानंद के विचारों को युवाओं के लिए प्रेरणास्पद बताते हुए उनके आदर्शों को जीवन में उतारने का संदेश दिया। अतिथि देवो भवः की परम्परा के अनुसार विद्यालय प्रांगण द्वारा मुख्य अतिथि का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर छात्राओं

उत्सव के रूप में मनाया जिला मंत्री गिरीश सोलंकी का जन्मदिन

डीआर संवाददाता»नरसाल

जिला मंत्री गिरीश सोलंकी लालू बना का जन्मदिवस हजारों समर्थकों ने उत्सव के रूप में मनाया। सभी वर्ग सभी धर्मों के लोगों ने मिलकर श्री सोलंकी को आशीर्वाद सभी बधाई प्रेषित की दो दिन तक लगातार शुभकामनाओं का आशीर्वाद जन्मदिन के अवसर पर गिरीश सोलंकी को मिला राजनीतिक क्षेत्र से सांसद, पूर्व सांसद, जिलाध्यक्ष, विधायक, नगर पालिका अध्यक्ष एवं

सरपंचों और जनप्रतिनिधियों ने भी श्री सोलंकी को शुभकामनाएं प्रेषित की इसके साथ ही सीहोर सहित आपस के कई जिलों से भी उनके परिवार एवं समाज के लोगों ने उनका पुष्प मालाओं से भव्य स्वागत किया जिसकी के प्रमुख कार्यकारिणी अधिकारियों ने भी पोहोंचकर लालू बना को शुभकामनाएं दी क्षेत्र के राजनीतिक कार्यकर्ताओं से सभी वरिष्ठों का आशीर्वाद उन्हें प्राप्त हुआ इसके साथ ही जिले के वरिष्ठ जनों का भी उन्हें आशीर्वाद मिला शुभकामनाएं युवक से लेकर ठेठ वृद्ध तक सम्बन्धकों का ताता लगा रहा सम्बन्धक ढोल बजाकर एवं आतिशबाजी चलाकर ढोल की धुन पर थिरकते रहे। सभी ने हवन से आशीर्वाद देकर जनगिन को भव्य रूप से मनाया जन्मदिन के अवसर पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया सुंदरकांड के पश्चात सभी के साथ भोजन प्रसादी ग्रहण की गई।

उत्सव के रूप में मना जिला मंत्री गिरीश सोलंकी 'लालू बना' का जन्मदिन, हजारों समर्थकों ने दी बधाई

डीआर संवाददाता»सीहोर

जिला मंत्री गिरीश सोलंकी 'लालू बना' का जन्मदिन सीहोर में उत्सव के रूप में मनाया गया। दो दिन तक चले इस आयोजन में हजारों समर्थकों, शुभचिंतकों और जनप्रतिनिधियों ने पहुंचकर उन्हें आशीर्वाद और शुभकामनाएं दीं। सभी वर्गों और सभी धर्मों के लोगों ने मिलकर गिरीश सोलंकी को बधाई प्रेषित की और उनके दीर्घायु जीवन की कामना की।

जन्मदिन के अवसर पर राजनीतिक क्षेत्र से जुड़े कई प्रमुख लोग शामिल हुए। सांसद, पूर्व सांसद, जिलाध्यक्ष, विधायक, नगर पालिका अध्यक्ष, सरपंचों सहित अनेक जनप्रतिनिधियों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। सीहोर के साथ-साथ आसपास के जिलों

से भी उनके परिवार, समाज और समर्थक बड़ी संख्या में पहुंचे और पुष्पगुच्छों से उनका भव्य स्वागत किया।

ढोल-नगाड़े और आतिशबाजी के साथ जश्न

शुक्रवार से देर रात तक समर्थकों का ताता लगा रहा। ढोल-नगाड़ों की गूंज, आतिशबाजी और नाच-गाने के साथ जन्मदिन को भव्य रूप से मनाया गया। सम्बन्धक ढोल की धुन पर थिरकते नजर आए और पूरे माहौल में उत्साह और खुशी का वातावरण बना रहा।

सुंदरकांड पाठ और प्रसादी का आयोजन

जन्मदिन के अवसर पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। पाठ के बाद सभी ने मिलकर भोजन प्रसादी ग्रहण की। धार्मिक आयोजन के माध्यम से पूरे कार्यक्रम को आध्यात्मिक और पवित्र रूप दिया गया।

गिरीश सोलंकी ने जताया आभार

इस अवसर पर जिला मंत्री गिरीश सोलंकी 'लालू बना' ने सभी समर्थकों, परिजनों और शुभचिंतकों का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मैं अपने सभी साथियों, परिजनों और आशीर्वाद देने वालों का दिल से धन्यवाद करता हूं। आप सबका आशीर्वाद यूं ही मिलता रहे, यही मेरी सबसे बड़ी ताकत है। मैं हमेशा हर एक के साथ खड़ा रहूंगा। यह जन्मदिन सिर्फ एक व्यक्तिगत उत्सव नहीं, बल्कि जनसमर्थन और आपसी विश्वास का प्रतीक बनकर सामने आया।

ज्योतिष को वेदों का एक अभिन्न अंग माना जाता-जितेन्द्र तिवारी

डीआर संवाददाता»सीहोर

ज्योतिष को वेदों का एक अभिन्न अंग माना जाता है, विशेष रूप से वेदांगों में से एक ज्योतिष, इसका उपयोग धार्मिक अनुष्ठानों, त्योहारों के सही समय और शुभ घटनाओं के निर्धारण में किया जाता है, जिससे यह धार्मिक जीवन का एक अनिवार्य हिस्सा बन जाता है। इस दृष्टिकोण से कुंडलियों का मानना है कि ज्योतिष शास्त्र, खगोलीय घटनाओं के माध्यम से दैवीय इच्छा या ब्रह्मांडीय भावना को समझने में मदद करता है। उक्त विचार इंदौर से अखिल भारतीय ज्योतिष-वास्तु एसोसिएशन से ज्योतिष पंडित कुशाल व्यास का सम्मान प्राप्त कर लौटने पर स्वागत करते हुए सरकार मंच के संयोजक जितेन्द्र तिवारी ने कहे।

इस मौके पर पंडित श्री व्यास का शाल श्रीफल से स्वागत सम्मान किया गया।

स्वागत कार्यक्रम के दौरान ज्योतिष शिरोमणी सम्मान प्राप्त करने वाले पंडित श्री व्यास ने बताया कि इंदौर में देशी अहिल्या विश्व विद्यालय एवं अखिल भारतीय ज्योतिष-वास्तु एसोसिएशन के तत्वावधान में वैदिक ज्योतिष, वास्तु, कर्मकांड एवं आयुर्वेद के क्षेत्र में किए गए शोध एवं अनुभवशीलता को दृष्टिगत रखते हुए संस्था द्वारा ज्योतिष शिरोमणी से सम्मानित किया गया है। व्यास पर मौजूद गण को पदाधिकारियों ने बताया कि ज्योतिषाचार्य पंडित कुशाल व्यास तंत्र मंत्र यंत्र वैदिक ज्योतिष न्यूमेरोलॉजी वास्तु वैदिक कर्मकाण्ड में निपुण है। हिंदू धर्म व संस्कृति में ज्योतिष शास्त्र का बहुत महत्व है। ज्योतिष शास्त्र से ही सभी सूर्योदय, सूर्यास्त, सूर्य व चंद्र ग्रहण, ग्रहों की स्थिति, ऋतु की गति, शांति व ऋतु परिवर्तन आदि की स्पष्ट महत्वपूर्ण जानकारी मिलती है।

कुबेरेश्वरधाम पर मकर संक्रांति का पर्व आस्था और उत्साह के साथ मनाया जाएगा

कुबेरेश्वरधाम पर हजारों की संख्या में आए श्रद्धालुओं का प्रसादी का किया वितरण

डीआर संवाददाता»सीहोर

सीहोर। इस साल की तरह इस साल भी जिला मुख्यालय स्थित कुबेरेश्वरधाम पर मकर संक्रांति का पर्व आस्था और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इस मौके पर अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के सान्निध्यन में करीब 51 सौ तिल-गुड़ के लड्डुओं का भोग लगाकर यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं को प्रसादी का वितरण किया जाएगा। संक्रांति पर्व को लेकर आधुनिक भोजनशाला में

तैयारियों की जा रही है। यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भोजन-प्रसादी के अलावा पुरी, मिठाई, लड्डू, नमकीन और खिचड़ी आदि की व्यवस्था की गई है। मंगलवार को मंदिर के व्यवस्थापक पंडित समीर शुक्ला, पंडित विनय मिश्रा सहित अन्य ने यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं को प्रसादी का वितरण किया और विठलेश सेवा समिति ने यहां पर बाजारी दिनों में होने वाले रुद्राक्ष महोत्सव की तैयारियों की समीक्षा बैठक ली। मीडिया प्रभारी मनोज दीक्षित शास्त्री ने बताया कि मकर संक्रांति का त्योहार देश में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। खास बात यह है कि इस त्योहार को देश के हर हिस्से में अलग-अलग नामों और तरीके से मनाया जाता है। एक्चुअल, मकर संक्रांति का त्योहार सूर्य के मकर राशि में प्रवेश करने के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है। साथ ही, यह नई फसल की कटाई का प्रतीक भी माना जाता है। जनवरी के महीने में फसलों की कटाई से जुड़े त्योहार पूरे भारत में इस त्योहार को बड़े ही उत्साह से मनाया जाता है, लेकिन इनके नाम और रिवाज काफी अलग होते हैं।

कुबेरेश्वरधाम पर अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित श्री मिश्रा के सान्निध्यन में पर्व मनाया जाएगा। इस दिन खिचड़ी बनाना, खाना और दान करना एक पुरानी परंपरा है। यही कारण है कि मकर संक्रांति का नाम आते ही खिचड़ी का स्वादिष्ट स्वाद याद आ जाता है। इसलिए हर साल यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं को भोजन प्रसादी लड्डुओं के साथ खिचड़ी प्रदान की जाती है।

स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में ग्रामोदय से अभ्युदय मप्र कार्यक्रम

डीआर संवाददाता»सीहोर

सीहोर जन अभियान परिषद द्वारा जिला पंचायत सभाकक्ष में स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में शनिवार से अभ्युदय मप्र कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संभाग समन्वयक शरण आकर्ष ने बताया कि प्रतीक्षा में अभ्युदय कार्यक्रम का उद्देश्य मप्र सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाना, लोकहितकारी योजनाओं से पात्र हितग्राहियों को सहभागिता सुनिश्चित करना तथा आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के निर्माण हेतु सकारात्मक वातावरण का सृजन करना है।

इस अवसर सभी को अधिक से अधिक स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करने की शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम में आशीष चटौरिया, राजेश पालक, कल्पेन्द्र शर्मा, फारूक उपाध्याय, प्रदीप सिंह सेंगर, भगवत शरण जोशी, इंदर सिंह सिकुम सहित अन्य अधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

डीआर विदिशा

गंजबासौदा, कुरवाई, सिरोंज, लटेरी, नटेरन, शमशाबाद, ग्यारसपुर, गुलाबगंज, पठारी, सेउ | माघ कृष्ण पक्षा - 11,2082 | विदिशा, दिन बुधवार ,दिनांक 14जनवरी 2026

न्यूज गैलरी

मकर संक्रांति पर दंगल का आयोजन आज होगा

विदिशा। प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी मकर संक्रांति के शुभअवसर पर महाकाल प्रसन्न मिलनी अखाड़ा द्वारा दंगल का आयोजन किया जा रहा है। दंगल आज बुधवार को दोपहर 12 बजे से शनि मंदिर के पीछे आयोजित होगा। शहर के गणमान्य नागरिक एवं पहलवानों को आमंत्रित किया गया है।

चेस एसोसिएशन की बैठक में तिथियां घोषित

विदिशा। जिला चेस एसोसिएशन की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिसमें आगामी चेस टूर्नामेंट की तिथियां तय की गईं। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि ब्लॉक स्तरीय चेस प्रतियोगिता 18 जनवरी तथा जिला स्तरीय प्रतियोगिता 19 जनवरी को आयोजित होगी। दोनों प्रतियोगिताएं प्रातः 10:00 बजे से प्रारंभ होंगी। प्रतियोगिता की सुरक्षा, पंजीयन, नियम, निर्णायक व स्थल व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन अध्यक्ष सोमित पलोड ने की। उपाध्यक्ष अटल तिवारी सहित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

छात्र शक्ति ने मनाया राष्ट्रीय युवा दिवस

कुरवाई। छात्र शक्ति ने स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के उपलक्ष्य में एवं राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर भारत माता की आरती का आयोजन बीना तिराहा पर किया जिसमें कुरवाई नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। छात्र शक्ति का कहना है कि स्वामी विवेकानंद जी ने भारत में ही नहीं अपितु विश्व स्तर पर योग एवं सनातन संस्कृति को गौरवान्वित किया है छात्र शक्ति से उपस्थित रहे राज पंडित, वासु बीबे, मोहित कलावत, अंश अहिरवार, दीपेश पवैं, सूरज शर्मा, निर्मल साव, राज सटीक, मयंक चंदेल, अनिकेत अहिरवार, सानिध्य ठाकुर, हर्षित राजपूत आदि मौजूद रहे।

गायत्री प्रज्ञा पीठ में ट्रस्ट मंडल का पुनर्गठन

विदिशा। स्वर्णकार कॉलोनी स्थित गायत्री प्रज्ञा पीठ में ट्रस्ट मंडल का पुनर्गठन किया गया। गायत्री परिवार के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं पूर्व जिला सन्योजक मुकेश श्रीवास्तव को सर्वसम्मति से मुख्य प्रबंध ट्रस्टी मनोनीत किया गया। नवगठित ट्रस्ट मंडल में डॉ. लोकेशदत्त मेना को सहायक मुख्य प्रबंध ट्रस्टी, अनिल कुमार राठी को कोषाध्यक्ष तथा सुमन श्रीवास्तव, प्रकाश सोनकर, शोभा पंवार और सुरभा विश्वकर्मा को ट्रस्टी नियुक्त किया गया। भोपाल उपजोन प्रभारी सुनन्दा प्रवीर हजारी ने प्रज्ञा संस्थानों की भूमिका पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि राकेश गुप्ता ने ट्रस्ट के उद्देश्य व दायित्व बताए तथा विभिन्न समितियों के गठन की घोषणा की। अध्यक्षता पूर्व प्रमुख ट्रस्टी राजा राम पंवार ने की।

परिवार सम्मेलन तैयारी संबंधी बैठक 17 को

विदिशा। रघुवंशी समाज के प्रस्तावित जिला स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं करियर से काउंसलिंग कार्यक्रम को लेकर बैठक का आयोजन 17 जनवरी शनिवार को दोपहर 2 बजे से बस स्टैंड स्थित विदिशा रघुवंशी समाज धर्मशाला में किया जाएगा। रघुवंशी समाज के जिला अध्यक्ष मोहनसिंह रघुवंशी ने बताया कि बैठक में जिले की सभी तहसीलों के नियुक्त पदाधिकारी, प्रवेशकार के वरिष्ठ पदाधिकारी, युवा प्रतिनिधि एवं समाज के समस्त

यहां खुला मैदान बनता है मंच, जीवंत होती है रामकथा, रामलीला के 125 वर्ष पूर्ण

शहर में आज निकलेगी शिव बारात, 28 दिन होंगी भगवान राम की विभिन्न लीलाएं

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

विदिशा की ऐतिहासिक रामलीला इस वर्ष अपने 125वें वर्ष में प्रवेश कर गई है। 1902 में मशालों की रोशनी में आरंभ हुई इस रामलीला आज भी पूरे मैदान में होने वाले मंचन के कारण देशभर में अपनी अलग पहचान रखती है।

सायं रात को इस परंपरा ने समय के साथ आधुनिकता को लेकिन इसकी आत्मा लेश रम और सामाजिक स्वाभाविता आज भी जैसी हो बनी हुई है। 124 वर्षों की निरंतरता पूरी कर 125वें वर्ष में प्रवेश करते ही रामलीला परिसर भगवा ध्वजों से सजा है और नगर में उत्साह का माहौल बन गया है

आज से एक माह तक चलने वाली रामलीला में प्रभु श्रीराम के जीवन प्रसंगों का मंचन पारंपरिक विधि-विधान और लेक शैली में किया जाएगा। मंगलवार को मल परिसर में कलेक्टर एवं रामलल ने सपत्नीक अध्यक्ष अंशुल गुप्ता एवम एमपी रोहित

विदिशा। रोशनी में नहाया दशहरा मैदान

बसवाली ने भूमि पूजन किया।

समिति के सचिव अनिल शर्मा ने कहा कि रामलीला के 125 वें वर्ष को भव्य करने स्तर से मनाने की तैयारी है। इसके लिए पूरी सभिति जुटी हुई है। पहले दिनों पहले दिन कलाकारों ने मंचन प्रतिपरिसर में झलकी। रमाकांतोत्सव सहा दिन रामलीला का समापन

यह 28 दिन शहर में किसी उत्सव कम नहीं होगा। रामलीला में अबकी बार विशेषें

सीएम और चार शंकराचार्यों को न्योता

शर्मा ने बताया कि 125 की रामलीला को भव्य बनाने के लिए इस सीजन डॉ मोहन यादव, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को भी रामलीला के लिए आमंत्रित किया है। इसके अलावा शंकराचार्य को भी न्योता दिया गया है। इसमें द्वारका शारदा पीठ के शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती, पुरी गोवर्धन पीठ के शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती और मुंबई के शंकराचार्य जी की भी भारती तीर्थ नया सम्मिलित शामिल

रामलीला में अबको बार दी प्रमुख नवाचार देखने को मिलेंगे।

पहला नवाचार 26 जनवरी को होगा जो भगवान श्रीराम के वनवास की लीला को दुबारा स्वरूप में प्रस्तुत किया जाएगा।

आजादी से पहले जिस तरह 10 दिन तक रामलीला गलाने के उजाले में होती थी, उसी परंपरा को करने के लिए इस बार मंचकार की लौटा गलने की रोशनी में दिखाई जाए।

विदिशा की रामलीला रामलीलाकलाक जग ही है और इसकी ख्याति का दुनिया में फैली है। यह आपस आस्था और परंपरा का प्रतीक है। सर की ओर से रामलीला के सफल आयोजन के लिए हरसंभव सहयोग दिया जाएगा।

— **अतुल गुप्ता, कलेक्टर, विदिशा।**

विदिशा की ललित रामलीला अपनी विशिष्ट मैली के कारण विशेष स्तर पर पहचान बना चुकी है। पूरे मैदान में मंचन और जनसहभागिता इसे अलग बनाती है। यह नाटक कृतिक और परंपरा को बना है।

— **अतुल राठ अध्यक्ष बेला उत्थान समिति**

युवक को घर से उठाया, थाने छोड़ा, दूसरे की पत्नी को परेशान और पति को मारने का आरोप

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा।

गुरुवार थाना क्षेत्र के राहरखेड़ा गांव में सोमवार देर रात चार गाड़ियों में सवार होकर आए लोगों ने एक युवक का किसी अंदाज में अपहरण कर लिया। युवक की पहचान संतोष धाकड़ के रूप में हुई है। घटना के दौरान गांव वालों ने एक आरोपी को पकड़कर मुसवार पुलिस को सौंप दिया। बाकी आरोपी संतोष को जबरन गाड़ी में बैठाकर शमशाबाद थाने ले गए और वहां पुलिस को सौंप दिया। घटना की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण थाने पहुंच गए।

पुलिस द्वारा आरोपियों को हिरासत में लेने की जानकारी मिलने के बाद ही ग्रामीण शांत हुए। मुख्यतः पुलिस ने संतोष की शिकायत पर रात करीब डेढ़ बजे अपहरण और मारपीट की धाराओं में मामला दर्ज किया है। इस पूरे मामले की जांच एक महिला को परेशान करने का आरोप बताया जा रहा है।

चार गाड़ियों में पहुंचे परिजन, गांव में गया हड़कंप, दोनों पक्षों ने लगाए आरोप-प्रत्यारोप, जांच में जुटी पुलिस ,रा मामला अनजान नंबरों से पत्नी को फोन करता था युवक, पति को मारने टक्कर मारी महानीम चौराहा निवासी देवराज धाकड़ ने बताया कि संतोष लंबे समय से उसकी पत्नी को अनजान नंबरों से फोन कर परेशान कर रहा था।

देवराज ने समझाने की कोशिश की, लेकिन संतोष ने जान से मारने की धमकी देना शुरू कर दिया। 8 जनवरी को संतोष ने उसे मारने की योजना बनाकर देवराजसे महानीम चौराहे पर बुलाया। जब देवराजने एक बार पहिया वाहन ने लाइट बंद कर उसकी गाड़ी को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद देवराज गिर गया। आरोपी उसकी गाड़ी को घसीटते हुए ले गए। उसे मरा समझकर भाग गए। पहले उसे शमशाबाद अस्पताल में भर्ती किया गया, फिर विदिशा रेफर किया गया। देवराज का कहना है कि उसने एफआईआर दर्ज कराई, लेकिन पुलिस ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। इसके बाद परिजनों ने खुद सीसीटीवी फुटेज

पांच जगह लगाए ट्रैप कैमरे, बाघ दिखा न तेंदुआ

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

शहर और आसपास के इलाकों में तेंदुए और बाघ की मौजूदगी से फैले डर के बीच अब थोड़ी राहत की खबर है। वन विभाग ने गुलाबगंज के बालदुर में दो, धतुरिया और बनवेड़ा इलाकों में एक-एक ट्रैप कैमरा लगाया था। सुबह जब इन कैमरों की जांच की गई तो किसी भी कैमरे में तेंदुए या बाघ की कोई हलचल नहीं दिखी।

बीते दिनों कनक गार्डन, गुलाबगंज और इंद्रप्रस्थ कॉलोनी में तेंदुए के पगमार्क और वीडियो फुटेज सामने आए थे। इसके बाद वन अमले ने रोज 10 से 15 फोन कॉल का सामना कर रहे थे। लोग तेंदुए के मूवमेंट की जानकारी दे रहे थे। सूचना मिलते ही वन अमला मौके पर पहुंचता, लेकिन कोई जानवर नहीं मिलता। वन विभाग ने इस सूचना पर उड़नदस्ता वाहन भेजा। फिर भी तेंदुए या बाघ का कोई सुराग नहीं मिला। अब लोगों के फोन कॉल भी लगभग बंद हो गए हैं। इससे वन अमला मान रहा है कि तेंदुआ अब इस क्षेत्र से दूर चला गया होगा।

तेंदुआ रोज 20 से 25 किलोमीटर तक घूमता था विभाग के अनुसार तेंदुआ रोज 20 से 25 किलोमीटर तक घूमता है। कई बार कुत्ते का कंकालों को देखकर गांवों की ओर आ जाता है। खेतों में सुअर और हिरण का दीखा लगने हुए भी ये आबादी वाले इलाकों में पहुंच जाता है। ऐसे में ठोर या पटखे की आवाज से इन्हें भगाया जा सकता है।

जनसुनवाई में आवेदकों की समस्याओं का हो रहा निराकरण

डीआर संवाददाता>

कलेक्टर अंशुल गुप्ता के द्वारा हरेक मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के माध्यम से आवेदकों की समस्याओं का समाधान हो रहा है। मंगलवार 13 जनवरी को आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में 108 आवेदकों के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर अपनी व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक समस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित कराया है। जिसमें से मौके पर 77 आवेदनों का निराकरण किया

गया है। शेष लंबित आवेदनों पर समय सीमा में कार्यवाही कर निराकरण की जानकारी पोर्टल पर दर्ज करने के निर्देश उल्लेखित विभागों के अधिकारियों को दिए गए हैं।

कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता के निर्देश पर लंबित शिकायतों निराकरण के लिए भी समय सीमा में अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने विभागों में लंबित आवेदनों पर क्या-क्या कार्यवाही संबंधित विभागों के जिलाधिकारियों द्वारा की गई है कि अद्यतन स्थिति से अवगत हुए हैं।

जनसुनवाई में प्रस्तुत किए गए इन सभी आवेदनों की प्राप्ति उपरांत समय-सीमा में आवेदनों का निराकरण करने के निर्देश संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए गए हैं।

जनसुनवाई में अपर कलेक्टर श्री अनिल कुमार डामोर , संयुक्त कलेक्टर श्रीमती अनुभा जैन, सुश्री निकिता तिवारी, श्रीमती मोहिनी शर्मा के अलावा विभिन्न विभागों के जिलाधिकारी मौजूद रहे।

नाबालिग को ले जाने वाला आरोपी गिरफ्तार

विदिशा। पुलिस अधीक्षक विदिशा के निर्देशन में संचालित ऑपरेशन मुस्कान अभियान के तहत थाना शमशाबाद पुलिस को उल्लेखनीय सफलता मिली है। पुलिस ने गुम नाबालिग बालिका को जिला जबलपुर से सकुशल दस्तयाब कर परिजनों को सौंपा। 26 नवम्बर 2026 को नाबालिग के अपहरण की रिपोर्ट दर्ज की गई थी, जिसे पर अपराध क्रमांक 379/2025 धारा 137 (2) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। लगातार प्रयासों के बाद 11 जनवरी

मिशन शक्ति हब फॉर एम्पोवरमेंट ऑफ वूमेन

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशन एवं महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीता लांसक के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास परियोजना विदिशा मवीन अंतर्गत केन्द्र सुवासरा कलां की समस्त कार्यकर्ताओं द्वारा मंगल विहार में गोद भराई कार्यक्रम का आयोजन माताजी मंदिर में किया गया जिसमें 50 गर्भिणियों के गोद भराई का कार्यक्रम संपादित किया गया।

गर्भिणियों समय पर अस्पताल में प्रसव कराना चाहिये ताकि जच्चा-बच्चा दोनों सुरक्षित रहें। कार्यक्रम में जिला चिकित्सा अध्यक्ष नीता केवलिया मुख्यतौर पर एवं बाल विकास के परियोजना अधिकारी, सहायक परियोजना एवं समस्त कार्यकर्ता कार्यक्रम उपस्थित रहे। कार्यक्रम में गर्भवती परिवार को दीदियों के द्वारा गर्भ से जुड़े संस्कार एवं पोषण के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई।

उनके द्वारा बताया गया कि जैसे जमीन होगी वैसा ही फसल होगी। उसी तरह गर्भवती माता गर्भावस्था के दौरान अपना ध्यान रखेगी तभी तो स्वस्थ बच्चे को जन्म दे सकेंगे। उनके गर्भस्थ शिशु पर पड़ता है।

बड़े बाजार से खारी फाटक तक रोड शो, मार्ग पर लगाए जाएंगे योजनाओं के फ्लैक्स

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान 17 जनवरी को विदिशा आ रहे हैं। इसको लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। मंगलवार को प्रभारी मंत्री लखन पटेल ने पुरानी कृषि उपज मंडी पहुंचकर आयोजन स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने पंडाल और अन्य व्यवस्थाओं को देखा। जरूरी निर्देश भी दिए।

विधायक मुकेश टंडन ने बताया कि रोड शो बड़े बाजार से शुरू होकर खारी फाटक तक निकलेगा। एलईडी रोहित प्रधानी, रजनीसुंदर शर्मा, महाराज सिंह दांगी, राकेश प्रधान और राकेश शर्मा मौजूद रहे। कलेक्टर अंशुल गुप्ता और एमपी रोहित प्रधानी ने तैयारियों की समीक्षा की।

से शुरू होकर खारी फाटक तक निकलेगा। एलईडी रोहित प्रधानी ने रोड शो के रूट की जानकारी दी। मंचीय व्यवस्था, वरिष्ठ नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और नगरपालिका नागरिकों के लिए अलग-अलग स्टॉल बनाए जा रहे हैं। आयोजन स्थल पर एलईडी स्क्रीन लगाई जाएगी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां होंगी।

सरकारीय योजनाओं को दर्शाने वाले स्टॉल, बैनर और फ्लैक्स भी लगाए जाएंगे। रोड शो में चलने वाले रूटों की व्यवस्था पर भी चर्चा हुई। इस दौरान कुरवाई विधायक हरिशिव यादव, शरण सिंह दांगी, राजनसुंदर शर्मा, महाराज सिंह दांगी, राकेश प्रधान और राकेश शर्मा मौजूद रहे। कलेक्टर अंशुल गुप्ता और एमपी रोहित प्रधानी ने तैयारियों की समीक्षा की।

जन सुनवाई जन सुनवाई ई की तर्ज पर जल सुनवाई आयोजित करने के निर्देश दिए थे

शिविर में जल सुनवाई बनी औपचारिकता, नहीं पहुचे आवेदक

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

इंदौर में दूषित जल से 23 लोगों की मौत होने के बाद नगरीय प्रशासन विभाग ने सभी नगरीय निकायों को जल सुनवाई ई की तर्ज पर जल सुनवाई आयोजित करने के निर्देश दिए थे। जिसमें दूषित जल वितरण की शिकायतों निराकरण करना था लेकिन पलिका ने जल समस्या निवारण शिविर में ही जल सुनवाई बैनर टांग कर औपचारिकता कर दे।

प्रचार प्रसार के अभाव में इस शिविर में गिने-चुने ही आवेदक पहुंचे लेकिन जाल से संबंधित शिकायत लेकर एक

शिविर में बुजुर्गों मदद ना के कर्मचारियों को बैठा था।

भी आवेदक नहीं पहुंचा। बता दें कि नगरपालिका द्वारा शहर में जल समस्या निवारण शिविर सरकार तो है, लेकिन प्रचार-प्रसार के अ में यह शिविर औपचारिक व्यवस्था है। मंगलवार को तीन वार्डों 25, 26 और 27 को मिलाकर जैन मालेर शिविर लगाया था जिसमें नगरपालिका को करीब सौ शिकायतों और योजनाओं को लेकर कर्मचारी हो लेकिन साथ एक्टरे सात बजे तक चले शिविर में 14 आयुष्मान कार्ड बनाने 10 में ही बने लेकर 60 कानी कार्ड बनाने और आवेदन बनमंत्री सानिधि योजना को लेकर पहुंचे। स्वस्थ शिविर में 65 लोगों ने जांच करवाई। जल मुख्यतः कार्ड संबंध, सम्पत्ती आवास, सी और जलवितरण को लेकर एक भी आवेदन शिविर में नहीं पहुंचा। जिसके चलते जवाबदेह कर्मचारी हाल पर ताला रखे बैठे थे। लोगों का दावा था कि प्रचार-प्रसार के अभाव में लोगों को शिविरों का जानकारी मिल पा रहा है। इस मंगलवार को खरसाया चुनने के लिए अलग से शिविर लगाया था, लेकिन शिविर में ही एक पैक टांग कर औपचारिकता कर दी गई। इस संबंध में जल प्रदान का प्रभारी आरसी जायसवाल का कहना है कि जाल से संबंधित समस्याओं को लेकर उनकी टीम ली है, जो वार्ड में पहुंचकर जांच करती है। शिविर में में स्वयं भी मौजूद शिकायत नहीं आई।

3 मुनिश्री और ऐलक महाराज के सानिध्य में कल से तीन दिवसीय जैन महोत्सव

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

शीतलधाम में 15 से 17 जनवरी तक तीन दिवसीय भव्य जैन महोत्सव होगा। निर्यापक श्रमण मुनिश्री संभव सागर महाराज, मुनि श्री निस्सीम सागर महाराज, मुनि श्री संस्कार सागर महाराज और ऐलक गौरव सागर महाराज के सानिध्य में यह आयोजन होगा।

महोत्सव को लेकर जैन समाज में उत्साह और धार्मिक उल्लास का माहौल है। प्रवक्ता अभिनाश जैन विद्यावाणी ने बताया, 15 जनवरी को सुबह 7 बजे स्टेशन जैन मंदिर से भगवान शीतलनाथ स्वामी की रथयात्रा निकलेगी। यह रथयात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए शीतलधाम

पहुंचेगी। वहां भगवान शीतलनाथ स्वामी का 1008 कलशों से महाभस्तकाभिषेक होगा। श्रद्धालु मुनिश्री की देशना का लाभ लेंगे।

भगवान शीतलनाथ विकास का विमोचन 16 मई 16 जनवरी को भगवान शीतलनाथ विकास का विमोचन होगा। यह विकास मुनि श्री निस्सीम सागर महाराज द्वारा रचित है। पहली बार यह विधान शीतलधाम में सम्पन्न होगा। इसे लेकर समाज में विशेष श्रद्धा और उत्सुकता है। 17 जनवरी को भगवान आदिनाथ स्वामी वर्ष वाले बाबा के मोक्षकल्याणक पर महाभस्तकाभिषेक, शास्त्रोक्त पूजन और निर्वाण लाडू महाप्रसाद वितरण।

विदिशा का भोटिपुर मध्यप्रदेश का एकमात्र स्थान है, जहां भगवान शीतलनाथ स्वामी के चारों कल्याणक हुए हैं। आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के आशीर्वाद से यहां विशाल समवसरण मंदिर बन रहा है। इसकी नींव 2008 में रखी गई थी। अब यह मंदिर पूर्णता की ओर है।

डीआर राजगढ़

नरसिंगढ़, ब्यावरा, कुरावर, करनवास, सारंगपुर, जीरापुर, खिलचीपुर, छापीहिड़ा, तलेन | माघ कृष्ण पक्ष – 11,2082 | राजगढ, दिन बुधवार,दिनांक 14 जनवरी ,2026

न्यूज गैलरी

जयंतीरू सतपाड़ा बना युवा ऊर्जा का केंद्र

विदिशा राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर सतपाड़ा पूर्व सत्र द्वारा मेरा युवा भारत द्वारा प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित किया। ग्राम सतपाड़ा यह कार्यक्रम स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में हुआ। उद्देश्य युवाओं में राष्ट्र निर्माण, आत्मविश्वास एवं सेवा भावना को प्रोत्साहित करना रहा।

10 दिवसीय हस्तशिल्प प्रदर्शनी 10 फरवरी से

विदिशा जिले में फरवरी माह की 10 से 19 तारीख तक दस दिवसीय हस्तशिल्प प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। प्रदर्शनी का उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े हस्त शिल्पकारों को अपने उत्पादों के विपणन का सशक्त मंच प्रदान करना, स्थानीय एवं पारंपरिक हस्तशिल्प को प्रोत्साहित करना तथा भारत की समृद्ध हस्तशिल्प परंपरा से परिचित कराना है।

रेल पटरियों पर युवक का शव मिला

अशोकनगर। जिले के देहात थाने के अंतर्गत ग्राम मंदिर रेलवे ट्रैक कबीरा सड़क के पास किसी अज्ञात पुरुष का शव रेल पटरियों पर पड़ा हुआ पाया गया। जिसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है, मामले की जांच की जा रही है।

जिले में आनंद उत्सव का आयोजन 14 से होगा

अशोकनगर। शासन के निर्देशानुसार जिले में 14 जनवरी से 28 जनवरी 2026 के मध्य आनंद उत्सव 2026 का आयोजन किया गया है। कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा जिले में आनंद उत्सव के आयोजन हेतु गतिविधियों के संबंध में संबंधित अधिकारियों को शासन के निर्देशानुसार आयोजन कराये जाने के निर्देश दिए हैं। आनंद उत्सव हेतु पंजीयन राज्य आनंद संस्थान की वेबसाईट पर किया जाना अनिवार्य है।

पूर्व सैनिकों को किया जा रहा है परेशान

अशोकनगर। जिला सैनिक कल्याण कार्यालय गुना परिसर में 14 जनवरी 2026 को प्रातः 11 बजे से अशोकनगर जिले के भूतपूर्व सैनिक, सैनिक विधवाओं एवं उनके आश्रितों के साथ बैठक का आयोजन किया गया है। यह कार्यक्रम जब जिला अशोकनगर बन गया है तब अशोकनगर मुख्यालय पर आयोजन होना चाहिए। जिससे भूतपूर्व सैनिक परेशान न हों तथा। अशोकनगर जिला

प्रदर्शन अंतरराज्यीय गैंग के छह आरोपितों को पकड़ा, 10 लाख नकद जब्त

झांसा देकर ट्रक खरीदे, भुगतान की बजाए महाराष्ट्र में कबाड़ में बेच दिए

डीआर संवाददाता ✍ राजगढ

राजगढ़ जिले से वाहन मालिकों से कुछ बदमाशों द्वारा ट्रक, पोकलेन, क्रेन मशीन आदि क्रय कर की गई। बदमाशों ने मालिकों को नकद राशि ओटीएस भुगतान की व बाकी राशि फाइनेंस कंपनियों को किस्तों से देने का झांसा दिया। बाद में उन वाहनों को किस्तों का भुगतान करने की बजाए महाराष्ट्र से जाकर कबाड़ में बेचे। पुलिस ने अंतर्राज्यीय ट्रक चोरीवारदी करने वाले 6 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। जिनमें चार बदमाश महाराष्ट्र के है, एक राजगढ़ जिले व एक छाजापुर का है। उनके कब्जे से 10 लाख नकद, 20 लाख की क्रेन मशीन बरामद की है।

पुलिस कंट्रोल रूम राजगढ़ में मामले का पर्दाफाश करते हुए एसपी अमित कुमार सोलानी ने बताया कि लोकपीहान थाना क्षेत्र के फरियादी खेम सिंह पिता नागीराम बर्मा से बदमाशों ने आइशर ट्रक टीडी–01–जी–8211 को किस्तों में भुगतान के आश्वासन पर लिया गया। आरोपितों द्वारा न तो बैंक किस्तों जमा की गई और न ही ट्रक वापस किया गया। इस संबंध में अपराध पंजीबद्ध किया गया था। इसी प्रकार तलेन थाना क्षेत्र के फरियादी भगवान सिंह पिता दुर्गाप्रसाद से बदमाशों ने ट्रक क्रावर

आरएजे–17–जीबी–101 3 आरोपितों द्वारा पूजा के बहाने ले जाकर दस्तावेज तैयार किए बिना तथा जिसके लान लिए बिना बेईमानी से हड़प लिए गया। इस पर अपराध दर्ज किया गया था। बदमाशों व वाहनों की लगातार पड़ताल की जा रही थी। पुलिस ने मुखबिर की सूचना, सीसीटीवी फुटेज व तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर अंतर्राज्यीय गिरोह के 6 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से पुलिस ने 30.60 लाख नकद एवं 20 लाख मूल्य की लग्जरी क्रेन सहित वाहन पार्ट्स जब्त कुल 30.60 लाख का मशरूका बरामद किया है।

इस तरह से पैसे के लालच में आकर एक व्यक्ति को कम नकद राशि में सौदा तय कर किस्तों के भुगतान का झांसा देते थे। वाहन स्वामियों से वाहनों का सौदा करते थे। सौदा करने के दौरान लालची व वाहनों के नकद भाव 1 से 2 लाख पैसे थे व बाकी की राशि बैंक किस्तें चुकाने का बोलकर लिखा–पढ़ी करते थे। इसी झांसे में वाहन स्वामी आकर उन्हें वाहन बेच देते थे। लेकिन बदमाश वाहन ले जाने के बाद फाइनेंस किस्तों का भुगतान करने की बजाए महाराष्ट्र ले जाकर वाहनों को बेच देते थे और राशि हड़प कर लेते थे। वाहन ले जाने के बाद नंबरप्लेट बंद कर लेते थे। ठगी सामने आने से बाद फरियादियों की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर ऐसे आरोपितों को

1 पुलिस ने जब्त की नकद राशि गिरफ्तार किया है। गवीन सहगल गुलानी, निवा (महाराष्ट्र), नईम खान जामन पिता खालू खान, निवासी हाल मुकाम मुस्तफेवी इंदौर स्पाई निवास छापीहेड़ा जिला राजगढ़, मजबैण्ण पिता रसवंत पैलाद, निवासी शाजापुर, कालू खान, निवासी जलगांव (महाराष्ट्र), अकरम खान, निवासी जलगांव (महाराष्ट्र), रेहान खान, निवासी जलगांव (महाराष्ट्र)। थाना प्रभारी तलेन उप निरीक्षक राकेश दामले, उप निरीक्षक शिवराज मीणा, उप निरीक्षक

स्कूल बस हादसा, ट्रैक्टर से टकराई बसरू10 बच्चे घायल,

डीआर संवाददाता ✍ राजगढ

राजगढ़ जिले के खिलचीपुर में मंगलवार को बच्चों की सुरक्षा को लेकर बड़ा और गंभीर हादसा सामने आया। एसडीएम अंकिता जैन, तहसीलदार विनोद गौतम, एसडीओपी कमलेश सिंह नागर और टीआई उमा शंकर मुकाती मौके पर पहुंचे और हालात की समीक्षा की।अधिकारियों ने संवेदनशीलता दिखाते हुए घायल और घबराए बच्चों को दूसरी बस में बैठाकर तत्काल निजी अस्पताल पहुंचवाया। अधिकारियों की मौजूदगी में बच्चों की सुरक्षित अस्पताल भेजा गया, जिससे उन्हें समय पर इलाज मिल सका। इसके बाद सभी अधिकारी मौके से पहुंचे और घायल बच्चों का हाल जाना।हादसे के बाद परिजनों का गुस्सा स्कूल प्रबंधन पर फूट पड़ा। परिजनों ने आरोप लगाया कि स्कूल बच्चों की जान से खिलवाड़ कर रहा है।

तुरंत मिलते ही बच्चों के परिजन बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच गए। स्थिति को बिगड़ता देख प्रशासनिक अधिकारी तुरंत सक्रिय हुए। एसडीएम अंकिता जैन, तहसीलदार विनोद गौतम, एसडीओपी कमलेश सिंह नागर और टीआई उमा शंकर मुकाती मौके पर पहुंचे और हालात की समीक्षा की।अधिकारियों ने संवेदनशीलता दिखाते हुए घायल और घबराए बच्चों को दूसरी बस में बैठाकर तत्काल निजी अस्पताल पहुंचवाया। अधिकारियों की मौजूदगी में बच्चों की सुरक्षित अस्पताल भेजा गया, जिससे उन्हें समय पर इलाज मिल सका। इसके बाद सभी अधिकारी मौके से पहुंचे और घायल बच्चों का हाल जाना।हादसे के बाद परिजनों का गुस्सा स्कूल प्रबंधन पर फूट पड़ा। परिजनों ने आरोप लगाया कि स्कूल बच्चों की जान से खिलवाड़ कर रहा है।

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, राजगढ़ की राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई का सात दिवसीय विशेष आवासीय शिविर का हुआ शुभारंभ

डीआर संवाददाता ✍ राजगढ

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजगढ की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा गोठडा कलेजीपीर में सात दिवसीय विशेष आवासीय शिविर का शुभारंभ संस्था प्राचार्य डॉ वैशे खंडेलवाल एवं मार्गदर्शन हुआ। इस विशेष शिविर का उद्देश्य ग्राम विकास एवं जनजागरूकता को सशक्त बनाना है। शिविर के अंतर्गत महिला जागरूकता, नशा मुक्ति तथा स्वच्छ भारत अभियान, पर्यावरण संरक्षण, वित्त साक्षरता, जनसाक्षरता एवं शिक्षा, स्वच्छता अभियान, स्वास्थ्य शिक्षा एवं पोषण जागरूकता, समाज सेवा, नारी उत्थान, बाल अधिकार एवं बाल संरक्षण, आपदा, शासकीय योजनाओं के प्रति जागरूकता, नशा मुक्ति तथा स्वच्छ भारत अभियान जैसे विविध विषयों पर गतिविधियों उपस्थित की जाएगी।

स्वयं सेवकों के व्यक्तित्व विकास के लिए प्रशिक्षण शिविर परिशोधनार्थ एवं क्षमता आधारित गतिविधियों शिविर में रहे हैं, जिनका उद्देश्य विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, सामाजिक उत्तरदायित्व और सामुदायिक सहभागिता को बढ़ाना है। यह सात दिवसीय विशेष शिविर जिला संयोजक डॉ. हीरेन्द्र कुमार मेनारा के मार्गदर्शन में संपन्न किया जा रहा है। शिविर के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन लाने और समाजहित के कार्यों को गति प्रदान करने का लक्ष्य रखा गया है।

शिविर की शुरुआत उत्साहपूर्ण वातावरण में हुई, जहाँ स्वयं सेवकों ने समाज सेवा के संकल्प के साथ सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की। शिविर के पहले दिन महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. सुरेश चंद्र मालव, डॉ. सोहन कुमार शर्मा एवं संतोष खरे उपस्थित रहे।

क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय भोपाल की पासपोर्ट वैन अब राजगढ़ में

डीआर संवाददाता ✍ राजगढ

राजगढ़ के नागरिकों को पासपोर्ट सेवाएँ नजदीक उपलब्ध कराने हेतु भारत सरकार की पहल अंतर्गत क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय भोपाल, की पासपोर्ट वैन अब राजगढ़ में तैनात की जाएगी। यह पासपोर्ट वैन पूरी तरह से पासपोर्ट सेवाएँ प्रदान करने के लिए सुसज्जित है, जिसमें कंप्यूटर, नेटवर्क कनेक्शन (इंटरनेट), फिंगर प्रिंट और डिजिटल सिग्नेचर) और दस्तावेज सत्यापन शामिल है। इससे नागरिकों को पासपोर्ट सेवाओं के लिए भोपाल नहीं जाना पड़ेगा और पासपोर्ट प्रक्रिया अब राजगढ़ में ही पूरी की जा सकेगी।

यह सेवा 14 जनवरी, 2026 से 27 फरवरी, 2026 तक यह पासपोर्ट वैन मालवा भवन राजगढ़ में सप्ताह में तीन दिन सोमवार, बुधवार एवं शुक्रवार को उपलब्ध रहेगी। इससे राजगढ़ की जनता समय और पैसे की बचत करते हुए पासपोर्ट सेवाओं का लाभ उठा सकेगी। नागरिक अपने पासपोर्ट अपॉइंटमेंट के लिए वेबसाइट www.passportindia.gov.in पर अपॉइंटमेंट बुक कर सकते है, और संबंधित शुल्क जमा कर सकते है।

राजगढ़ जिले में वर्ष 2026 के लिए स्थानीय अवकाश घोषित

राजगढ़। सामान्य प्रशासन विभाग भोपाल की अधिसूचना के अनुसार प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा जिला राजगढ़ में वर्ष 2026 के लिए स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। उन्होंने संपूर्ण राजगढ़ जिला में 12 मार्च दिन गुरुवार को उर्स बाबा बंदेशाही, 19 अक्टूबर दिन सोमवार को महानवमी तथा 06 नवंबर 2026 दिन शुक्रवार को धनतेरस का स्थानीय अवकाश घोषित किया है। यह अवकाश बैंक, कोषालय एवं उपकोषालय पर लागू नहीं होंगे।

आवेदिका को मिली दो हजार रूपये की आर्थिक सहायता

डीआर संवाददाता ✍ राजगढ

कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा आवेदिका रेखा बाई को रोजगार से दो हजार रूपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। आवेदिका रेखा बाई ने बताया कि आवेदिका विकलांग है। साथ ही आवेदिका के पति की मृत्यु एक वर्ष पूर्व हो गई है। जिससे आवेदिका को परिवार का भरण पोषण करने में काफी परेशानियां हो रही है।

राजगढ़ का हिंदू सम्मेलन 16 जनवरी को, आयोजन के लिए चल रहा है

डीआर संवाददाता ✍ राजगढ

नगर की काजोड़ बस्ती में 16 जनवरी को विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। यह सम्मेलन दोपहर 12 बजे से स्टेशियम प्रांगण में होगा, जिसमें महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 ईश्वरानंद महाराज (उत्तर स्वामी श्री महाराज) का सान्निध्य बंधुओं को प्राप्त होगा। सम्मेलन को लेकर नगर में पिछले कई दिनों से व विभिन्न बैनरों के साथ धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला निरंतर जारी है।

नगर के विभिन्न मंदिरों में हनुमान चालीसा पाठ, भजन–कीर्तन, महाआरती एवं प्रभात फेरियां निकाली जा रही हैं। गोहेलाए मांडना, रंगोली, दीपक लेखन और पारंपरिक उत्सवपर के माध्यम से सामाज जागृति का संदेश दे रही है। नगर के मंदिरों में शाम को आरती एवं सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ हो रहा है। सम्मेलन में सत्संग, गीता संदेश और हिंदू एकता का सशक्त आह्वान किया जाएगा। घर–घर दीपोत्सव से वातावरण धार्मिक व उत्सवमय बन गया है। इन आयोजनों के माध्यम से समाज जागरूक व संगठित हो रहा है। नगर के मंदिरों में शाम को आरती एवं सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ हो रहा है। सम्मेलन में सत्संग, गीता संदेश और हिंदू एकता का सशक्त आह्वान किया जाएगा। घर–घर दीपोत्सव से वातावरण धार्मिक व उत्सवमय बन गया है। इन आयोजनों के माध्यम से समाज जागरूक व संगठित हो रहा है।

पार्षद गुप्ता कांग्रेस से निष्कासित

डीआर संवाददाता ✍ राजगढ

राजगढ़ जिला कांग्रेस कमेटी की अनुशासन समिति की बैठक पूर्व विधायक धूल सिंह यादव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में नगरपालिका खिलचीपुर के वार्ड क्रमांक 11 के पार्षद घनश्याम गुप्ता पर पार्टी विरोधी गतिविधियों का आरोप सिद्ध पाए जाने पर उनके विरुद्ध जारी कार्रवाई की गई।

अनुशासन समिति ने सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए घनश्याम गुप्ता को कांग्रेस पार्टी से 6 वर्ष के लिए निष्कासित करने का फैसला किया।बैठक में अनुशासन समिति के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे। समिति ने स्पष्ट किया कि पार्टी हितों के विरुद्ध कार्य करने वालों के प्रति कांग्रेस सख्त अनुशासनात्मक और भविष्य में भी अनुशासनहीनता को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उक्त जानकारी जिला कांग्रेस कमेटी के मीडिया विभाग द्वारा जारी सूचना के माध्यम से दी गई।

गंभीर आरोप भोजन के बाद से ही सिरदर्द, घबराहट, पेटदर्द व उल्टी की होने लगी शिकायत

मुख्यमंत्री के कार्यक्रम से लौट रहे 19 किसानों की तबीयत बिगड़ी

डीआर संवाददाता ✍ कुरावर

भोपाल की हबीब मिशनगंज में रविवार को आयोजित मुख्यमंत्री के कृषक कल्याण वर्ष 2026 के कार्यक्रम में शामिल होकर लौटे किसानों के बीमार होने का मामला कुरावर क्षेत्र से सामने आया है। जानकारी के अनुसार ग्राम पिपलिया चौहान के 10 किसान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुरावर पहुंचे जहां उनका उपचार हेतु रखने के लिए दवाई ओआरएस का पैकेट दिया गया। उल्लेखनीय है कि रविवार को भोपाल में कृषि विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव स्वयं उपस्थित थे। नरसिंहगढ़ विधानसभा क्षेत्र

से लगभग 800 किसानों को कार्यक्रम में शामिल होने के लिए भोपाल भेजा गया था। किसानों के लिए भोजन की व्यवस्था कुरावर के सब सहायता समूह द्वारा की गई थी। बताया जा रहा है कि कृषि विभाग द्वारा भोजन पैकेट का वितरण डिस्पोजेबल पत्ते में किया गया था। भोजन करने के बाद से ही कई किसानों की तबियत बिगड़ने लगी। उन्हें सिरदर्द घाट पेट दर्द सहित उल्टी दस्त की शिकायत होने लगी था।

गांव में स्वास्थ्य विभाग ने लगाए कैंप, दिनभर चलती रही जांच

सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुरावर में 10 लोगों का इलाज किया गया, वहीं स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शाम ग्रिजोरी पहुंचकर सहकारी संस्था के पीछे कैंप लगाकर विनकर में 39 लोगों की जांच की। मंगलवार के सम्मेलन ग्राम पिपलिया चौहान के 10 किसान दिलीप पिता रामेश्वर (28), रतन पिता छोटेलाल (38), सुनील पिता विश्वनारायण (23), गोपीलाल पिता गोकुलदास (60), अमरचंद पिता रामचरण (55), विजयराम पिता हजारी (41), रामनिवास पिता मोतीलाल (32), छोटे राम पिता मन्नूलाल (46), कैलाश पिता नंदाराम (50) व विशाल पिता दिनेश उल्टी व पेट दर्द से पीड़ित हुए एवं ये उपचार करवाने के बाद भी राहत नहीं मिलने पर मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुरावर पहुंचे। जहां मेडिकल ऑफिसर डॉ नरेश गवरी ने उपचार हेतु दवाई लिखी। इलाज से पूर्व किसान कुरावर थाना एवं जहां उन्होंने नायब तहसीलदार को शिकायत कर भोजन की जांच करने एवं दोषियों पर कार्रवाई की मांग की।खेड़ मेला गया किसानों की शिकायत प्राप्त हुई की प्रतिवादन के तौर पर उन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेजा गया है। सूचना मुताबिक, थाना तहसीलदार कुरावर कार्रवाई की जाएगी भोजन की जांच रिपोर्ट तैयार कर ली गई है। सबंधित सब सहायता समूह को वोटिस जारी किया जाएगा और नियमों के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

सुशील कुमार, एसडीएम नरसिंहगढ़ बीकर होना सोमवार नहीं कैसे स्वयं को उपस्थित मे एक हजार लोगों के लिए सोजत बोडल अधिकारी की देखरेख में सुरक्षापूर्ण बनाया है। नोजन सोने व तेरे साथियों भी खाय तथा भोजन खाने से बीमार होना संभव नहीं है।

खेलो एमपी यूथ गेम्स 2026रू सारंगपुर ब्लॉक स्तरीय चयन प्रतियोगिताएं संपन्न

डीआर संवाददाता ✍ सुरनेर

शासन द्वारा आयोजित खेलो एमपी यूथ गेम्स 2026 के अंतर्गत सारंगपुर ब्लॉक में खो–खो सहित विभिन्न खेलों की ब्लॉक स्तरीय चयन प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी श्री अरुण सिंह भिलाला एवं श्री मनीष वर्मा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उन्हें अडिग बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। सारंगपुर ब्लॉक से चयनित खिलाड़ियों को संभागीय खेल अधिकारी श्रीमती शर्मिला डावर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया तथा जिले में बेहतर प्रदर्शन कर अपनी पहचान बनाने का संदेश देते हुए अडिग शुभकामनाएं दीं।

खो–खो संघ राजगढ़ के सचिव श्री भारत बैरवे ने बताया कि सारंगपुर ब्लॉक में खो–खो, रिंग, बैडमिंटन, हॉकी, रस्साकसी एवं मल्लयुद्ध खेलों का आयोजन किया गया। ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिताएं 13 से 15 जनवरी, 2026 तक आयोजित की जाएंगी, जबकि जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं 18 से 19 जनवरी, 2026 तक राजगढ़ में संपन्न होंगी।

जमीनी विवाद के चलते मामला दर्ज किया

जीरापुर। लगीमपती ग्राम कपलसीखेड़ा निवासी एक व्यक्ति को चार व्यक्तियों ने मिलकर की मारपीट। सोमवार को कपलसीखेड़ा निवासी राजेश पिता कालू गोस्वामी मोटर साकिल से जीरापुर की ओर आ रहा था चार लोगों ने लाठी, डंडे से मारपीट की। प्राप्त जानकारी के अनुसार संजय पिता बालू गोस्वामी उम्र 25 वर्ष निवासी कपलसीखेड़ा ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि सोमवार की सुबह करीब 11 बजकर 15 पर अपनी मोटरसाइकिल से जीरापुर ट्रैक्टर की किस्त जमा करने आ रहा था तभी रास्ते में जमीनी के पुराने विवाद के चलते गांव के रहने वाले चार लोगों ने गंदी गंदी गालियां देते हुए लाठी, डंडों, फर्सी से हमला कर घायल कर दिया।